# नई सोच एक्सप्रेस

हर खबर पर पैनी नजर

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

WWW.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 04 मई 2024, वर्ष - 07, अंक- 75, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com


अब मैं उम्र की कैद से आजद हूं: लारा दत्ता



# शहजादे-डरो मत! भागो मत! : पीएम

एजेंसी। दुर्गापुर

• मैं तो संकल्प लेकर देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को हो गया। इसके लिए देश के सभी राजनीति दल चुनाव प्रचार में तेजी से जुट गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर पहुंचे और वहां एक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी कहा कि मुझे देश ने और आप सबने इतना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि शायद कोई इंसान अपने जीवन में ऐसी कल्पना तक नहीं कर सकता है कि ईश्वर रूपी जनता जनार्दन इतने आशीर्वाद बरसाएं और लगातार बरसाएं और सालों-साल ये आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैंने पहले ही कह दिया था कि राहुल गांधी वायनाड में हार के डर से दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं-डरो मत! मैं भी इन्हें यही कहूंगा–डरो मत! भागो मत! उन्होंने कहा कि मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं, मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं। मैं तो आपकी सेवा का संकल्प लेकर देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं। पीएम ने कहा कि मोदी विकसित भारत बनाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक कर रहा हूं। ये मैं अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहा हूं। मेरे अपने मतलब-मेरा भारत, मेरा परिवार आपके सपनों के लिए संकल्प लेकर ही जी रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं टीएमसी सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन टीएमसी गुनहगार को बचाती रही। पीएम मोदी ने आगे कहा कि इन वोट के भूखे लोगों की पहले दो चरणों में लुटिया डूब चुकी है। अब ये खुलेआम एक नया खेल लेकर आए हैं। अब ये कहते हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। हमारे देश में दशकों से ये वोट जिहाद का खेल पर्दे के पीछे चलता था, चुपचाप चलता था। पहली बार वो इतने हताश और निराश हो चुके हैं कि वोट जिहाद की अब सार्वजनिक घोषणा कर रहे हैं। इसीलिए, वोट जिहाद की इस अपील पर कांग्रेस का शाही परिवार, टीएमसी परिवार और लेफ्ट परिवार चुप है।

## बूथ प्रबंधन से बेहतर चुनाव जीतने का कोई दूसरा रास्ता नहीं: अमित शाह

### बीजेपी कार्यकर्ता नये वोटरों और महिला मतदाताओं पर ध्यान दें



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानपुर की एक होटल में बीजेपी की संगठनात्मक बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने साफ तौर पर बताया कि बूथ प्रबंधन से बेहतर चुनाव जीतने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि जो बूथ जीता वो चुनाव जीता। शाह ने कहा कि पन्ना प्रमुख, मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें बीजेपी का संकल्प पत्र देकर प्रधानमंत्री की गारंटी के बारे में बताएं और उनके घरों पर स्टीकर चिपकाएं। उन्होंने कहा कि जनता हमारे साथ है लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। दो घंटे चली बैठक में अमित शाह ने पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों की समीक्षा भी की। बरेली, बदायूं और सीतापुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के बाद सीधे बैठक में पहुंचे अमित शाह ने कहा कि पहले दो चरणों का चुनाव बहुत अच्छा रहा है। बीजेपी की जीत के साफ संकेत मिल रहे हैं। शाह ने कहा कि सामाजिक संपर्क को और बढ़ाएं। संपर्क के दौरान नये वोटरों और महिला मतदाताओं पर ध्यान दें। उन्हें पीएम मोदी की गारंटी के बारे में जरूर बताएं। पन्ना प्रमुखों के साथ-साथ बीजेपी नेता व कार्यकर्ता 100 फीसदी लोगों से संपर्क करेंगे और सुबह 7 बजे ही अपना, अपने परिवार के सभी मतदाताओं का मतदान कराएं। शाह ने कहा कि तीसरे चरण से लेकर अंतिम चरण तक हर सीट पर जीत का अंतर और बढ़ाना है। इसके लिए कार्यकर्ता पूरा जोर लगाएं। घर-घर संकल्प पत्र पहुंचाएं और मतदाताओं के साथ उनके घरों में चाय पर संकल्प पत्र को लेकर चर्चा करें। शाह ने पांचवें चरण की लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा सीट की समीक्षा की।

# चौथे चरण में 96 सीटों के लिए 1717 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए मतदान होगा, जिसके लिए कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान के लिए कुल 4,264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनकी जांच-पड़ताल के बाद 1970 नामांकन वैध पाए गए। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। 253 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में तेलंगाना में 17 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 1,488 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद 25 संसदीय क्षेत्रों से 1,103 नामांकन के साथ आंध्र प्रदेश का स्थान था। तेलंगाना में 7-मलकजगिरी संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 177 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। इसके बाद उसी राज्य में 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में प्रत्येक में 114 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। चौथे चरण के लिए एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

**इस चरण में इन सीटों पर होगा**




**मतदान:** आंध्र प्रदेश: दक्षिणी राज्य की सभी 25 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें अमलापुरम, अनाकापल्ले, अनंतपुर, अराकू, बापटला, चित्तूर, एलुरु, गुंटूर, हिंदूपुर, कडपा, काकीनाडा, कुरनूल, मछलीपट्टनम, नंदयाल, नरसरावपेट, नरसापुरम, राजमपेट, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और विजयनगरम शामिल हैं।

**बिहार:** राज्य की पांच सीटों जिनमें बेगूसराय, दरभंगा, मुंगेर, समस्तीपुर और उजियारपुर शामिल हैं। इन पर 13 मई को मतदान होगा।

**जम्मू-कश्मीर:** श्रीनगर के लोग 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**मध्य प्रदेश:** यहां 29 में से आठ सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें देवास, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, रतलाम और उज्जैन शामिल हैं।

**झारखंड:** खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में सोमवार (13 मई) को मतदान होगा।

**महाराष्ट्र:** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 48 लोकसभा सीटों में से 11 पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अहमदनगर, औरंगाबाद, बीड, जलगांव, मावल, नंदुरबार, पुणे, रावेर, शिरडी और शिरूर शामिल हैं।

**ओडिशा:** बरहामपुर, कालाहांडी, कोरापुट और नबरंगपुर चार सीटों पर इस चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

**तेलंगाना:** चौथे चरण में सभी 17 सीटों (आदिलाबाद, भोंगिर, चेवेल्ला, हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, महबूबाबाद, महबूबनगर, मल्काजगिरी, मेडक, नागरकुर्नूल, नलगोंडा, निज़ामाबाद, पेद्दापल्ले, सिकंदराबाद, वारंगल और ज़हीराबाद) पर मतदान होगा।

**उत्तर प्रदेश:** उप्र में 13 मई को 13 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अकबरपुर, बराइच, धौरहरा, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, सीतापुर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर मतदान होगा। इनमें आसनसोल, बहरामपुर, बर्धमान, दुर्गापुर, पुरबा, बीरभूम, बोलपुर, कृष्णानगर और राणाघाट शामिल हैं।

## ख़ास ख़बर

### ईरान-इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहें भारतीय : विदेश मंत्रालय




**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ईरान और इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावासों के संपर्क में रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को ईरान और इजराइल के संबंध में यात्रा सलाह पर मीडिया के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इज़राइल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। मंत्रालय ने कहा कि हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने गत माह 12 अप्रैल को क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सभी भारतीयों को अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करने की सलाह दी थी।

### स्वीडन में कुरआन जलाने की पुलिस ने दी मंजूरी, क्षेत्र में बढ़ा तनाव

**स्टॉकहोम।** स्वीडन ने एक बार फिर मुस्लमानों की पवित्र किताब कुरआन को जलाने की इजाजत देने से इलाके में तनाव फैल गया है। एक एजेंसी के अनुसार, दक्षिणी स्वीडन की माल्मो पुलिस ने शुक्रवार को कुअरान जलाने के कार्यक्रम को ऐसे समय में मंजूरी दी गई है जब स्वीडन का माल्मो शहर यूरोविजन सप्ताह गीत प्रतियोगिता के आयोजन की मेजबानी कर रहा है। मीडिया के अनुसार प्रदर्शन को आयोजित करने वाले आयोजकों का इस तरह के कार्यक्रम करने का इतिहास रहा है। इसके अलावा पुलिस के सामने शनिवार को कुरआन जलाने की मंजूरी देने के लिए एक और आवेदन मिला है, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। स्वीडन में इसके पहले ही कुरआन जलाए जाने की घटनाएं हुई हैं, जिसने कई मुस्लिम देशों के साथ स्टॉकहोम के संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है। स्कैंडिनेवियाई देशों स्वीडन और डेनमार्क में इस तरह के प्रदर्शनों को अभियव्यक्ति की आजादी के तहत मान्यता है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप मुस्लिम देशों में इसके खिलाफ प्रदर्शन और राजनयिक मिशनों को खतरे का सामना करना पड़ा है।

### वाट्सऐप पर संदिग्ध मैसेज भेजने वालों का अकाउंट हो जाएगा लॉक

नई दिल्ली। तमाम तरह के स्कैम और ठगी की गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए वाट्सऐप कंपनी ने कई तरह के कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में वाट्सऐप नया सेफ्टी फीचर भी लांच कर रही है, जो संदिग्ध मैसेज भेजने वालों के अकाउंट को कुछ देर के लिए लॉक कर सकती है और मैसेज जाना रुक जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार वाट्सऐप एक नया फीचर ला रहा है, जो किसी टार्गेट यूजर को मैसेज भेजने से रोक सकता है। जैसे ही वाट्सऐप को कोई संदिग्ध मैसेज मिलेगा, तो वह संबंधित यूजर का अकाउंट अस्थायी रूप से ब्लॉक कर सकता है और ऐसे यूजर कोई मैसेज नहीं भेज सकेंगे। इस फीचर की खास बात ये है कि यूजर का अकाउंट ब्लॉक होने पर भी वाट्सऐप पर मैसेज रिसीव कर सकेंगे। इतना ही नहीं इस पर रिप्लाई भी किया जा सकेगा। यूजर किसी भी ग्रुप में रिप्लाई कर सकेंगे, जिससे जरूरी कम्युनिकेशंस बना रहेगा। यह फीचर वाट्सऐप के नए अपडेट में शामिल हो जाएगा।

## अजमल और हुसैन को वोट देना नर गाय से दूध की उम्मीद करने जैसा

एजेंसी। गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के मौजूदा सांसद बदरुद्दीन अजमल और कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अजमल और हुसैन को वोट देना नर गाय से दूध की उम्मीद करने जैसा है। सरमा असम के मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्र धुबरी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, अजमल और हुसैन के लिए वोट करना नर गाय से दूध की उम्मीद करने जैसा होगा। उन्होंने दावा किया कि सात मई को आम चुनाव के तीसरे चरण में असम गण परिषद (एजीपी), एआईयूडीएफ और कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि बीजेपी की सहयोगी एजीपी उन क्षेत्रों में समर्थन हासिल कर रही है, जहां पहले लोगों के बीच उनका कोई प्रभाव नहीं था। गोलकगंज में एक सार्वजनिक बैठक में उन्होंने क्षेत्र में एआईयूडीएफ और कांग्रेस के समर्थन में आई गिरावट पर कहा कि लोगों को एहसास हो गया है कि धुबरी में सांसद अजमल का अब दबदबा नही है और उन्हें रकीबुल हुसैन की भी जरूरत नहीं है। 13 उम्मीदवारों और 26 लाख से अधिक मतदाताओं के साथ राजनीतिक दौड़ ज्यादातर एआईयूडीएफ के बदरुद्दीन अजमल, कांग्रेस के रकीबुल हुसैन और एजीपी के जावेद इस्लाम के बीच है। मुख्यमंत्री सरमा ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के माफिया राज वाले बयान पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने कांग्रेस शासन के दौरान माफिया राज के दिन नहीं देखे हैं।

## भारत-इंडोनेशिया रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमत

- दोनों देशों की 7वीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक दिल्ली में हुई
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से भी मुलाकात की

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव एयर मार्शल डोनी एर्मवान तौफांटो ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 7वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के बढ़ रहे दायरे पर संतोष व्यक्त किया गया। बैठक में विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों पर हुई प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा बैठक में विशेष रूप से रक्षा उद्योग संबंधों, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को बेहतर करने के उपायों की पहचान की गई। यात्रा के दौरान तौफांटो ने नई दिल्ली में डीआरडीओ मुख्यालय के साथ-साथ पुणे में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एलएंडटी रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा किया। उन्होंने भारत फोर्ज, महिंद्रा डिफेंस और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड जैसे अन्य भारतीय रक्षा उद्योग साझेदारों के साथ भी विचार-विमर्श किया। अनुसंधान एवं संयुक्त उत्पादन में सहयोग के जरिए रक्षा औद्योगिक क्षमताओं को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की। यात्रा के दौरान उन्होंने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से भी मुलाकात की। भारत और इंडोनेशिया के बीच 2001 में हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग समझौते में सहयोग के संभावित क्षेत्रों और साझा हित के मामलों का पता लगाने एवं उन्हें चिह्नित करने, स्वीकृत सहकारी गतिविधियों को शुरू करने, समन्वय करने, निगरानी करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए जेडीसीसी की स्थापना की गई थी। भारत-इंडोनेशिया मित्रता को 2018 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस मित्रता ने रक्षा उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में नए सहयोग की अनुमति देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाया है। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध इस बढ़ती साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।


## झुलसाने वाली होगी गर्मी, हीटवेब बढ़ाएगी मुश्किलें

एजेंसी। नई दिल्ली



देश के कई इलाकों में दिन तप रहे हैं तो रातों में कुछ ठंडक है। लेकिन मौसम विभाग के अनुमान इस माह भीषण गर्मी और हीटबेव के संकेत दिए है। भले ही मई का पहला सप्ताह दिल्ली उत्तर प्रदेश के कई शहरों के लिए राहत भरा रहने वाला हो लेकिन आने वाले दिनों में ये गर्मी आपके होश उड़ाने वाली है। हाल ही में आईएमडी ने मई महीने में लू को लेकर ऐसी भविष्यवाणी की है जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। मौसम विभाग के अनुसार इस महीने देश के उत्तर- पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों में इस बार दोगुनी लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लू के साथ ही कुछ राज्यों में अधिक बारिश की भी संभावना जारी की है। आईएमडी ने आज नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी प्रमुख मृत्युजंय महापात्र ने बताया कि ओडिशा के कई हिस्से, उत्तर छत्तीसगढ़, झारखंड, दक्षिणी पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश के रायलसीमा और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। हर साल मई में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में तीन दिन लू चलती थी लेकिन इस साल पांच से सात दिनों तक लू चलने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्र ने कहा बताया कि मई में आमतौर पर औसतन तीन हीटवेव वाले दिन होने की उम्मीद होती है लेकिन इस साल हीटवेव के दिनों की संख्या अधिक हो सकती है।मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और गुजरात क्षेत्र में लगभग आठ से 11 दिन लू चलने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि उत्तर-पूर्व, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों और पूर्वोत्तर प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों को छोड़कर भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य अधिकतम तापमान होने की संभावना है।

## राष्ट्रपति 4 से 8 मई तक हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 से 8 मई तक हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रपति अपनी यात्रा के दौरान शिमला के मशोबरा में स्थित राष्ट्रपति निवास में रुकेंगी। राष्ट्रपति 6 मई को धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति 7 मई को शिमला के गेयटी हेरिटेज कल्चरल कॉम्प्लेक्स में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखेंगी। बाद में वह शिमला के राजभवन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भाग लेंगी।

## रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से किशोरीलाल ने दाखिल किया नामांकन

### राहुल की नामांकन रैली में सोनिया, प्रियंका, खरगे रहे मौजूद



एजेंसी। रायबरेली

यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। कांग्रेस इन दोनों सीटों पर सस्पेंस बना रखा था लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और अशोक गहलोत मौजूद थे। शुक्रवार सुबह कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली सीट से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिसके बाद राहुल गांधी रायबरेली पहुंचे। राहुल गांधी अपने परिवार के साथ शुक्रवार दोपहर रायबरेली पहुंचे और यहां से पार्टी के कार्यालय पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ मौजूद थी। भीड़ के कारण कई बार कोशिश करने के बाद भी वह गाड़ी से नहीं उतर पाए और नामांकन के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि भीड़ को संभालने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतेजाम भी नहीं किए गए थे। रायबरेली सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को लेकर काफी दिनों से सस्पेंस बना हुआ था। अब रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने रायबरेली से आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रायबरेली राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र था। वहीं कांग्रसे ने शुक्रवार को गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। शर्मा गांधी परिवार की अनुपस्थिति में अमेठी और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्रों की देखभाल कर चुके हैं। सात चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को जिन सीटों पर मतदान होना है उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी दिन है। वहीं अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने प्रियंका गांधी की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। बता दें कि पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रियंका गांधी अमेठी से चुनाव लड़ सकती हैं. लेकिन लिस्ट जारी होने के बाद सारी अटकलों पर विराम लग गया। रायबरेली और अमेठी सीटों पर 20 मई को वोटिंग होगी। चुनाव परिणाम चार जून को आएंगे।

## संविधान बदलने का झूठ फैला रही है कांग्रेस: दुष्यंत गौतम

एजेंसी। नई दिल्ली




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने दलितों और पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान किया था लेकिन कांग्रेस लगातार उस पर कुठाराघात करती रही। इसके साथ ही कांग्रेस ने संविधान बदलने वाला नैरेटिव सेट किया। केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दुष्यंत गौतम ने कहा कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 लगाया, जिसके कारण जम्मू कश्मीर में दलितों को आरक्षण की सुविधा और बराबरी के अधिकार नहीं मिले और शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद वहां की सरकार ने सदैव उन्हें सिर्फ सफाई कर्मी की नौकरी के लायक ही समझा। कांग्रेस ने कभी इसका विरोध भी नहीं किया। तत्पश्चात तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 27 जून 1961 को मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर आरक्षण के प्रति अपनी नापसंदगी जताई थी। गौतम ने कहा कि देश के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालय संविधान सम्मत और केन्द्र की योजनाओं के अनुसार संचालित होने के लिए बाध्य हैं लेकिन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में केन्द्र सरकार द्वारा बजट मिलने के बावजूद संविधान की मर्यादा को तार-तार करते हुए दलितों और आदिवासियों को आरक्षण नहीं दिया जाता है। कांग्रेस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में लागू व्यवस्था का कभी विरोध नहीं किया। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस का आचरण पूरी तरह दलित विरोधी रहा है। कांग्रेस के दलित विरोधी चेहरे का प्रमाण यह भी है कि 2004 में सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने जस्टिस रंगनाथ मिश्रा रिपोर्ट के माध्यम से एक वर्ग विशेष को एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण देने का षड्यंत्र रचा था। देश के कुछ हिस्सों में मुस्लिम समुदाय को पहले से ही एसटी कोटे के माध्यम से आरक्षित किया गया है। कर्नाटक में कांग्रेस ने एक वर्ग विशेष को ओबीसी बनाकर ओबीसी समुदाय के साथ कुठाराघात किया है। दुष्यंत गौतम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर द्वारा प्रयोग की गई टाई, रजिस्टर और टाइपराइटर जैसी 400 चीजों को सम्मान देने की बजाय फेंक दिया था। कांग्रेस की पिछली सरकारों ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के गुलाब की तो परवाह की लेकिन बाबा साहब के बहुमूल्य सामान को दीमक लगने दी। कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर की विरासत के सामान का सम्मान तो दूर संरक्षण तक नहीं किया। फोटो में दर्शाया गया है कि बाबा साहब का सामान नागपुर से 35 किमी दूर किसी गांव में सड़ रहा था लेकिन भाजपा सरकार संग्रहालय बनवाकर इस विरासत को सम्मान से संरक्षित कर रही है। कांग्रेस ने गांधी परिवार के सभी सदस्यों की समाधि बनाई लेकिन बाबा साहब अंबेडकर की समाधि नहीं बनाई गयी, परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब की समाधि बनवाकर उन्हें सम्मान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा विभाग की हठधर्मिता से मौत के मुँह में शिक्षक और बच्चे : बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ

**बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**पटना** । बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह एवं तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद् सदस्य प्रो. संजय कुमार सिंह ने कहा है कि शिक्षा विभाग की संवेदनहीनता और हठधर्मिता के कारण शिक्षक और बच्चे मौत के मुँह में समा रहे हैं। राज्य में भीषण लू एवं गर्म हवाएँ चलने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। इस संबंध में सरकार द्वारा हीटवेव से बचने के लिए हाई अलर्ट भी जारी किया गया है। किन्तु शिक्षा विभाग ऐसे हालात में भी शिक्षकों और मासूम बच्चों को ग्रीष्मावकाश के बावजूद स्कूल आने पर बाध्य कर रहा है और इन्हें दोपहरी की भीषण आग में मरने के लिए झोंक रहा है। इस बाबत लगातार राज्य भर से शिक्षक और बच्चों की लू लगने से तबियत बिगड़ने तथा मौतों की खबरें आ रही हैं। शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि महावीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मटिहानी, मुजफ्फरपुर के शिक्षक डॉ. अविनाश कुमार अमर की दो दिन पूर्व स्कूल से घर लौटने के दरम्यान लू लगने के कारण मृत्यु हो गयी। आपकी सरकार शिक्षकों और बच्चों के प्रति संवेदनशील है किन्तु शिक्षा विभाग की संवेदनहीनता और हठधर्मिता के कारण शिक्षक और बच्चे काल के गाल में समा रहे हैं। बेहतर होता कि गर्मियों में विद्यालय को प्रातःकालीन किया जाता, प्रधानाध्यापक को हर रोज बेवजह दूसरे विद्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जाने की बाध्यता खत्म की जाती और ग्रीष्मावकाश सहित सभी अवकाशों को पूर्ववत दिया जाता। शत्रुघ्न प्रसाद सिंह एवं प्रो. संजय कुमार सिंह ने कहा है कि राष्ट्र निर्माता दिवंगत शिक्षक डॉ. अविनाश कुमार अमर की मौत से पूरा शिक्षक समाज मर्माहत है। उन्होंने कर्तव्यपथ पर शहीद होकर पूरे शिक्षक समाज को गौरवान्वित किया है। नेता द्वय ने मुख्यमंत्री से उनके आश्रितों के लिए यथाशीघ्र पचास लाख रुपये की सहायता राशि एवं सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वंचितों को जमीनी स्तर पर अधिकार दिलाने का काम किया : डॉ. मधुरेंदु पांडेय




**पटना**। जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ. मधुरेंदु पांडेय और पल्लवी पटेल ने आज कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 18 वर्षों के शासनकाल में वंचितों खासकर पिछड़ों, अति पिछड़ों, दलितों और महादलितों को जमीनी स्तर पर अधिकार दिलाने का काम किया है। आजादी के बाद से उन जाति व वर्गों को जिन्हें अब तक राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिली थी उन लोगों को राजनीतिक प्रक्षेत्र में उचित भागीदारी देकर समाज में सम्मान दिलाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को भी वाजिब हक दिलाने का काम किया है। सरकारी सेवा व पंचायत स्तर से लेकर सदन तक महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया हैं। इनके कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण काफी मजबूत हुआ है। बिहार की महिलाओं में अब स्वयं निर्णय लेकर कार्य करने का शक्ति मिला है। डॉ. पांडेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इसका पूरा लाभ एनडीए को प्राप्त होगा क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। इनके शासनकाल में गरीबों पिछड़ों का जो कल्याणकारी कार्य हुए हैं वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों से लिखा जाने वाला है। जबकि वर्ष 2005 के पूर्व वाली शासनकाल में गरीबों पिछड़ों अति पिछड़ों दलितों और अकलियतों के नाम पर सिर्फ राजनीतिक गोटियां सेकी गई थी। इन सब के विकासोन्मुख कार्य हेतु केंद्र से आने वाली राशि में बंदरबांट कर दिया जाता था। जिस कारण इन वर्गों के उत्थान और विकास कार्य अवरुद्ध हो गए थे। वर्ष 2005 के पूर्व सिर्फ एक परिवार और उनके रिश्तेदारों का ही विकास हुआ था। उस परिवार का नाम लालू प्रसाद यादव हैं।

### पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स मेडिकल साइंस एवं हेल्थ सेक्टर में एक महत्वपूर्ण कोर्स है : डॉ. शैलेंद्र कुमार पांडेय



**पटना**। पैरामेडिकल कोर्स (बीओसीटी, बीएमएलटी, बीओटीटी, बीआरआईटी, बीएचएम, बीपीटी) एवं नर्सिंग कोर्स (एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग) यह सभी कोर्स मेडिकल साइंस एवं हेल्थ सेक्टर में एक महत्वपूर्ण कोर्स है। 12वीं करने के बाद ये सभी कोर्स जॉब ओरिएंटेड कोर्स है जिसे करने से एक अच्छे कैरियर की गारंटी मिलती है। हमारे कॉलेज में इन सभी कोर्सेज के लिए सुव्यवस्थित लैब, क्लास रूम, हॉस्टल एवं अन्य प्रकार की सुविधाएं छात्रों को दी जाती है और बाहरी मरीजों के लिए इलाज की सुविधा भी कॉलेज में दी जाती है। उक्त बातें संस्था के संस्थापक डॉ. शैलेंद्र कुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि छात्र हित के लिए नामांकन से पूर्व छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन संस्थान के द्वारा कराया जाता है जिसमें उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को हर साल छात्रवृत्ति दी जाती है। विदित हो कि गुरुदेव पैरामेडिकल कॉलेज (पटना), गुरुदेव कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग & पैरामेडिकल साइंस (वैशाली), और एमएसजे कॉलेज प्रोफेशनल एजुकेशन (पटना) गुरुदेव एजुकेशनल ट्रस्ट, पटना द्वारा संस्थापित संस्थान है।

### पटना में बिना डरे स्कूली बच्चे करेंगे रोड क्रॉस, सेंट जेवियर्स स्कूल के पास फुटओवर ब्रिज बनने का काम शुरू

**पटना**। सेंट जेवियर्स स्कूल के पास से गांधी मैदान गेट नंबर-1 तक सड़क के उपर फुट ओवरब्रिज बनाने का काम शुरू हो गया है। यह काम प्रोजेक्ट बनने के बाद करीब 4 साल बाद शुरू हुआ है। पर स्कूली बच्चों और उनके पेरेंट्स को इस बात की खुशी है कि अब रोड क्रॉस करने में परेशानी नहीं होगी। जाम और एक्सीडेंट का डर अब बच्चों और उनके पेरेंट्स को बिल्कुल नहीं सताएगा। दरअसल, गांधी मैदान के चारों तरफ ट्रैफिक का काफी दवाब है। मेट्रो के निर्माण के कारण भी ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया गया है। इस वजह से भी ज्यादा जाम लगता है। ट्रैफिक दबाव को देखते हुए इसके एक हिस्से में फुट ओवरब्रिज बनाने की बात पटना स्मार्ट सिटी की ओर से 2020 में कही गई थी।

# मतदान हमारा अधिकार, जरूर करें मतदान : नीतू नवगीत

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे ज़िला में सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पटना की स्वीप आइकॉन-बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से लगातार कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला प्रशासन, पटना के द्वारा आज रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल के सहायक कर्मियों एवं शिक्षकों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान में जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री लोकेश कुमार झा एवं स्वीप आइकॉन डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. शिव नारायण सिंह उपस्थित रहे। रेडियंट स्कूल की प्राचार्या मनीषा सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम सभी को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा। सहायक कर्मियों के मन में मतदान से संबंधित जितनी भी भ्रांतियां थी,उनके मन में उठने वाले अनगिनत प्रश्नों के जवाब श्री लोकेश कुमार झा ने दिए और मतदाता पहचान पत्र बनाने से लेकर कैसे मतदान किया जाए तक कि विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी सहायक कर्मियों को दिया। इस अवसर पर डीपीआरओ, पटना श्री लोकेश कुमार झा ने बिहार को जनतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी, पटना के मार्ग-दर्शन में सघन रूप से मतदान जागरूकता का कार्य पूरे जिले में किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से पटना के सभी निर्वाचकों से इस चुनाव में मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्वीप आइकॉन डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने सभी कर्मियों को मतदान हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने अपनी जिंगल गीत एवं जागरूकता गीत के माध्यम से सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। Bलोकगायिका डॉ॰ नीतू कुमारी नवगीत ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। इस कार्यक्रम में मतदान जागरूकता पर आधारित अपनी सुरमई गीतों के माध्यम से सभा में उपस्थित लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया।

**उनके द्वारा गाये गए एक गीत के बोल थे-**

लोकतंत्र एक महापर्व है,
मिलकर इसे मनाते हैं,
देश की खातिर चलिए हम सब
अपना वोट गिराते हैं।

डॉ. नीतू ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। हमें मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। चुनाव के दिन सभी लोग अपने परिवार के साथ मतदान जरूर करें।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वयंसेवक घर घर जाकर मतदाताओ से मिलकर लोगो से मतदान करने का अपील कर रहे है ।फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर रवि ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में शिशुपालकुमार , रघुवीर, राजदीप,हीरालाल कुमार, ,सुजीत कुमार,गौरव गुप्ता,रवि प्रकाश, हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार,सन्नी कुमार , प्रियंका कुमारी, मोना झा, इंशा उजमा,रीता सिंह,दीपक कुमार,आर्यन राज, रागनी जयशवाल समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक जुटे रहे ।

# कांग्रेस ने भारत का भविष्य अंधेरे में डुबोया, राजद के साथ मिलकर बिहार को बर्बाद किया : प्रो. रणबीर नंदन

नई सोच एक्सप्रेस

- **मोदी जी की सरकार ने गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान और किसानों तथा नारी शक्ति को पहचान दी : प्रो रणबीर नन्दन**
- **कांग्रेस , राजद ने चाटुकारिता, परिवारवाद का बढ़ावा, राजनीतिक मूल्यों का तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार की संभावनाओं का विकास किया : प्रो रणवीर नन्दन**



**पटना**। पूर्व विधान पार्षद और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. रणबीर नन्दन ने आज कांग्रेस और राजद को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारत का भविष्य अंधेरे में डुबोया है। जबकि बिहार में राजद और कांग्रेस ने मिलकर बिहारियों को डेढ़ दशक पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, चाटुकारिता और अदूरदर्शिता की पर्याय बनी रही कांग्रेस के पास कुछ भी ऐसा नहीं है, जिसे वो भारत के भविष्य को सुदृढ़ बनाने का प्रयास करती। पटना मीडिया सेंटर में आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस का दावा है कि एम्स की स्थापना पंडित नेहरु ने की। सही बात है। लेकिन आजादी के बाद पंडित नेहरु को एम्स के लिए सोचने में 9 साल का वक्त लगा। इसके बाद कांग्रेस की सरकारें बनती रहीं, लेकिन एम्स की स्थापना पूरे देश में हो सकती है, यह किसी कांग्रेस सरकार की समझ में नहीं आया। 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाल किले की प्राचीर से 'प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' के तहत देश में एम्स जैसे और नए संस्थान बनाने की बात की। अगले तीन सालों में देश के पिछड़े राज्यों में ये एम्स बनने थे। भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर और ऋषिकेश को इसके लिए चुना गया। 2004 से 2014 तक सिर्फ एक एम्स वो भी सोनिया गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में घोषित कर सके। हालांकि वह भी बना 2018 में मोदी सरकार में ही। प्रो. नंदन ने कहा कि इसके बाद जब देश में मोदी सरकार आई तो एम्स की बड़ी श्रृंखला शुरू की गई। आज देश में 23 एम्स हो चुके हैं। अब बात करें शिक्षा के स्तर की तो 2014 में मोदी सरकार से पहले देश में 16 आईआईटी, 13 आईआईएम, नौ ट्रिपल आईटी और 75 वैसे शैक्षणिक संस्थान थे जो राष्ट्रीय महत्व के हैं। आज की तारीख में 23 आईआईटी, 20 आईआईएम, 25 आईआईआईटी और 149 राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं। यह भाजपा का विकास मॉडल है जो हर हाल में विकास ही देखता और सबका विकास। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के युवराज कहें या शहजादा, सीट के लिए तरस रहे हैं। कांग्रेस देश को बांटने वाली पार्टी है, देश को तोड़ने वाली पार्टी है, अपने चुनावी और निजी हितों के लिए राष्ट्र हितों से समझौता करने वाली पार्टी है। प्रो. नंदन ने कहा कि कांग्रेस की नीति ने देश के बहुसंख्यक समुदाय के साथ तो दोहरा रवैया अपनाया ही है, कांग्रेस ने अपने राजनीतिक साथियों को भी बखूबी नीचा दिखाया है। आज कांग्रेस बिहार में राजद के रहमोकरम पर चल रही है, जिसका खुद भी लोकसभा में अभी कोई सांसद नहीं है। उन्होंने कहा कि ओबीसी, दलितों का आरक्षण तुष्टिकरण की भेंट चढ़ा देने वाली कांग्रेस आज अपने सबसे खराब राजनीतिक दौर में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में गरीबों की सेवा, वंचितों को सम्मान मिलता है। किसान व नारी शक्ति को नई ऊर्जा प्रदान की गई है। भारत की अमृत पीढ़ी का सशक्तीकरण हुआ है। सभी को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराई गई है। तकनीक के क्षेत्र में भारत 'शक्तिमान' बन रहा है। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रवक्ता अरविंद सिंह, प्रीति शेखर, रानी चौबे, पूनम सिंह और सुनील सेवक उपस्थित रहे।

# बालू माफियाओं को संरक्षण दे रही है एनडीए सरकारः राजेश राठौड़

नई सोच एक्सप्रेस

- **बालू माफियाओं के हाथों की कठपुतली बनी सरकारः राजेश राठौड़**
- **सरकार पोषित बालू माफियाओं पर कब होगा नियंत्रणः राजेश राठौड़**

**पटना**। बिहार में बालू के कारोबार में वर्चस्व को लेकर आएं दिन गोलीबारी की घटनाएं पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की नीतीश भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि कल भोजपुर जिले के कालूचक गांव में बालू माफियाओं के बीच गोलीबारी की घटना हुई है जिसमें दो निर्दोष मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं करीब छह लोग गोली लगने से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये राज्य सरकार के शह पर संचालित अवैध बालू खनन और माफियाओं के संरक्षण की देन है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा है कि आएं दिन ऐसी घटनाएं पूरे बिहार में सुनने और देखने को मिल रही है। यह सीधे सीधे बालू माफियाओं को प्राप्त सरकारी संरक्षण और पुलिसिया शह की देन है जो हर बार किसी न किसी निर्दोष को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। उन्होंने सीधे सीधे नीतीश भाजपा सरकार के खत्म हो रहे इकबाल का देन बताते हुए कहा है कि बिहार में सत्ता संपोषित माफिया राज संचालित है और इसमें सरकार केवल अपने हिस्से के उगाही के लिए मौन धारण किए हुए है। उन्होंने मृत दोनों मजदूरों को उचित मुआवजा देने की मांग की है और बालू माफियाओं पर अविलंब नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रवि शंकर प्रसाद ने आज बांस घाट के समीप बुद्ध घाट में लगी भीषण आग से क्षतिग्रस्त हुए स्थल का सूचना मिलने के तुरंत बाद निरीक्षण किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रवि शंकर प्रसाद ने आज बांस घाट के समीप बुद्ध घाट में लगी भीषण आग से क्षतिग्रस्त हुए स्थल का सूचना मिलने के तुरंत बाद निरीक्षण किया। रविशंकर प्रसाद ने दुर्घटना स्थल पर पहुँच कर पूरी घटना की जानकारी ली तथा तथा आग से क्षतिग्रस्त हुए परिवारवालों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की, साथ ही उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवारजनों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के साथ ही इस विपदा की घड़ी में उन्हें हर संभव मदद करने का आग्रह किया। श्री प्रसाद ने जल चुके घरवालों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए प्रशासनिक मदद का भरोसा दिलाया। अभी कुछ दिन पहले ही पटना जंकशन के पास भीषण आग की दुर्घटना हुई थी, उस समय भी सांसद रविशंकर प्रसाद ने आग के कारणों और उनके रोकथाम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की थी ताकि भविष्य में ऐसी भीषण हादसे की पुनरावृति ना हो। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आग से हुई दुर्घटना हमेशा वीभत्स और पीड़ादायक होता है, बीते एक पखवाड़े में राजधानी पटना में यह दूसरी घटना है, झुलसती गर्मी के इस मौसम में आम जन से लेकर प्रशासन के लोग, सभी को ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के पर्याप्त उपाय और रोकथाम के लिए सजग रहना चाहिए।

# सम्राट चौधरी जी पहले पूर्व घोषित नौकरियों का ब्योरा दें

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी द्वारा दस लाख नौकरी देने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि सम्राट चौधरी जी को नयी घोषणा करने के पहले उनके नेताओं द्वारा पूर्व में घोषित नौकरी देने के वादे का हिसाब देना चाहिए। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। उस हिसाब से अबतक दस करोड़ नौजवानों को नौकरी मिलनी चाहिए थी। इसी प्रकार 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के समय भी केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पटना आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर उन्नीस लाख नौकरियां देने का वादा किया था। बिहार में एनडीए की सरकार भी बन गई पर एक भी नौकरी नहीं दी गई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सत्रह वर्षों से बिहार में एनडीए की सरकार है पर पिछले सत्रह महिने जब तेजस्वी यादव जी उपमुख्यमंत्री बने उसके बाद पहली बार बिहार के नौजवानों को यह महसूस हुआ कि नौकरी कैसे दी जाती है। सत्रह महिने में पांच लाख लोगों को नौकरी मिली और लगभग इतनी हीं पदों पर बहाली की प्रक्रिया अन्तिम चरण में है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार हीं नहीं पुरा देश जानता है कि जब तेजस्वी जी दस लाख नौकरी देने की बात करते थे तो जदयू और भाजपा के नेता उनका मजाक उड़ाया करते थे और कहते थे कि पैसा कहां से लाएगा।पिछले सत्रह वर्षों से बिहार की और दस वर्षों से केन्द्र की एनडीए सरकार देश और प्रदेश के नौजवानों को ठगते रहे हैं अब वे उनके झांसे और जुमलों के चक्कर में नहीं पड़ने वाले हैं।

# पूर्ण गुरु ही आंतरिक जागृति का माध्यम हैः साध्वी सोनिया भारती

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। सर्व श्री आशुतोष जी महाराज द्वारा संस्थापित एवं संचालित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से एक दिवसीय सतसंग प्रवचन एवं भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन पंचमहला, पटना - लखीसराय रोड,पटना में संपन्न हुआ। महाराज जी के शिष्या साध्वी सोनिया भारती जी ने सदगुरु महिमा का गुणगान किया। गुरु आंतरिक जागृति का माध्यम है।इसी आंतरिक जागृति को संस्थान जन जन तक पहुंचाने के लिए आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत हैं।महाराज जी कहते हैं कि मैं समाज को जगाने आया हूं, क्योंकि जो जाग जाता है वह अपना ख्याल स्वयं रख सकता है। संस्थान की एक ही गूंज है उठो जागो और डटकर साधना करो। ऐसी साधना करो कि तुम्हारा लक्ष्य परमात्मा खुद तुम्हारे सामने आ जाए और आकर तुम्हारा वरण करें। यदि मनुष्य में शांति और समाज में क्रांति का सूत्रपात कोई कर सकता है तो वह समय के पूर्ण गुरु का ब्रह्म ज्ञान की दीक्षा ही है।मनुष्य जन्म पा लेना कोई बड़ी बात नहीं,अपितु मनुष्य के गुण को जीवन में धारण कर लेना ही सच्ची उपलब्धि है। इतिहास गवाह है कि श्रेष्ठ मानवों का गठन सतगुरु के हस्त तले ही हुआ है। स्वामी विरजानंद जी का आश्रम दयानंद सरस्वती का निर्माण स्थली थी।चाणक्य की कुटिया, चंद्रगुप्त मौर्य का प्रशिक्षण केंद्र थी, नरेंद्र में छिपे विवेकानंद को परमहंस के सधे हाथों ने ही तराशा था।गुरु एक अधोगामी मन को उर्ध्वगामी बनाते हैं। आज समाज को ऐसी महान विभूति 'गुरुसत्ता' की आवश्यकता है। सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य अरुण जी ने आगे बताया कि संस्था निःशुल्क रुप से ब्रह्मज्ञान की दीक्षा द्वारा ईश्वर दर्शन का ज्ञान प्रदान कर रही है। साध्वी महामाया भारती और पप्पू जी के सुमधुर भजनों का आनंद भी भक्तों ने खुब उठाया।

संक्षिप्त समाचार

## चिराग पासवान के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए

**राजापाकर**। हाजीपुर लोकसभा सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित उम्मीदवार लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नामांकन कार्यक्रम में काफी संख्या में राजापाकर प्रखंड के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से दर्जनों कार्यकर्ता दो पहिए, चार पहिए वाहन से हाजीपुर में नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए । जिसमे अजय मालाकार, दरोगा पासवान, कमलेश कुमार, लक्ष्मण पासवान, मुकेश पटेल, लक्ष्मण गुप्ता,नरेश गुप्ता, जयप्रकाश यादव,अवधेश राय,भीम कुमार, महेंद्र राम,शत्रुधन शर्मा सहित एनडीए घटक दल के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं लोजपा रामविलास के पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## चिराग पासवान को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की गई

**राजापाकर**। प्रखंड के भलुई बखरी बराई और राजापाकर बनघरा में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा एवं युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने मतदाताओं से साथ मिलकर जनसंवाद किया । इन नेताओं ने चिराग पासवान को दृढनिश्चयी बताते हुए कहा है कि हाजीपुर का विकास जो इनके पिता पद्मभूषण रामविलास पासवान ने किया,रेलवे का जोनल ऑफिस,सिपेट, नाईपर सहित औद्योगिक क्षेत्रों में नये उद्योग लगवाये इनके बचे काम को चिराग पासवान पूरा करेंगे। सभी जगहों पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजापाकर प्रखंड क्षेत्र के निवासी पंकज कुमार साह ने की। कार्यक्रम में पार्टी के नेता सुरेश पासवान, चन्दन कुमार पासवान, रविन्द्र कुमार,भोला साह,दीपक कुमार,गुड्डू साह रवीन्द्र पासवान भी मौजूदा थे।

## करंट लगने से स्कूली छात्र की हुई मौत



**खगौल**। शुक्रवार को खगौल थानांतर्गत कुम्हार टोली के पास ग्वार टोली निवासी प्रेम यादव के 12 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार की मौत बिजली का करंट लगने से हो गया। रोहित स्थानीय बालिगा मध्य विद्यालय के आठवीं कक्षा का छात्र था। रोहित के पिता प्रेमनाथ का कहना है कि दोपहर में घर से निकला था, फिर थोड़ी देर में जानकारी मिली की आप के बेटा को बिजली का करंट लगा है। जल्दी से फुलवारी शरीफ एम्स ले गए, जहां डाक्टरों ने बताया कि पहले ही मौत हो चुकी है। मिली जानकारी के मुताबिक रोहित किसी आम के पेड़ से आम तोड़ रहा था, इसी क्रम में करंट लगा है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि फिलहाल इसकी सूचना उन्हें नहीं मिली है।

## मस्त मगन समर कैंप में सुगम संगीत सीख रहे है किलकारी के बच्चे



**गया**। किलकारी में पिछले 28 अप्रैल से 12 मई 2024 तक चलने वाले मस्त मगन समर कैंप में सुगम संगीत की विशेषज्ञ श्रीमती अनीता कुमारी की देखरेख में बच्चे सुगम संगीत सीख रहे हैं। स्वर अभ्यास तथा अलंकार पलटा आदि का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों को सुगम संगीत के बारे में बताते हुए विशेषज्ञ अनिता कुमारी ने बताया कि सुगम संगीत भारतीय संगीत विद्या का एक अंग है यह वह संगीत जिसमें सहजता से सीखा गाया और बजाया जाता है जिसे किसी निश्चित नियम में बांधने की प्रक्रिया नहीं है और जो लोकप्रिय हो वही सुगम संगीत कहलाता है। भजन, लोकगीत, फिल्मी गीत,आदि इसी श्रेणी में आते हैं। किलकारी के संगीत विद्या के प्रशिक्षक संदीप कुमार सिंह के सानिध्य में बच्चों को अनिता कुमारी द्वारा ताल कहरवा में सरस्वती भजन मेरे कंठ बसो महारानी का अभ्यास कराया जा रहा है। समर कैंप के चौथे दिन बच्चों ने भगवान श्री राम के चरित्र पर आधारित भजन का भी अभ्यास किया।खेल के दौरान आम रेस के गेम में प्रथम स्थान अनुष्का कुमारी द्वितीय रोशनी कुमारी और तृतीय स्थान में निशि कुमारी ने जीत दर्ज की। सभी बच्चों को किलकारी के सीपीसी राजीव रंजन श्रीवास्तव ने उपहार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही समर कैंप के लिए लगातार रजिस्ट्रेशन चल रहा है जो 12 मई तक चलेगा।

## बिहार में अवैध बालू खनन पर सरकार सख्त, हाईलेवल मीटिंग में फैसला

**पटना**। बिहार में बालू का अवैध खनन हो रहा है। बालू घाटों तय मापदंड से अधिक खनन किया जा रहा है। लीजधारी ही इसमें शामिल हैं। एक ओर बालू माफिया गिरोह चांदी काट रहा है तो दूसरी ओर राज्य सरकार को राजस्व का क्षति हो रहा है। अवैध खनन का मामला तब सामने आया जब शिकायत मिलने पर बालू घाटों की जांच की गई। रोहतास डीएम के निर्देश पर बालू घाट ब्लॉक संख्या-7 का निरीक्षण किया गया। बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने जांच की। जिससे स्पष्ट हुआ कि यहां निगरानी क्षेत्र से बाहर और दूसरे अवैध रास्तों का प्रयोग किया जा रहा है। यही नहीं घाट पर ना तो धर्मकांटा है और ना ही बालू लदे गाड़ियों की गिनती की कोई व्यवस्था है। नियमानुसार सीमांकन, ड्रेसिंग, उत्पादन प्रेषण पंजी सत्यापित नहीं हो सका।

### 50 हजार रुपए का इनामी अपराधी गिरफ्तार, गया पुलिस ने महाराष्ट्र से दबोचा, लंबे समय से चल रहा था फरार

**गया**। गया जिला पुलिस ने टॉप 10 अपराधियों की लिस्ट में शुमार 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एसी से लदे ट्रक लूटने और ट्रक के ड्राइवर को चाकू मार कर बुरी तरह से जख्मी करने का केस चाकन्द थाना में दर्ज था। इस मामले में पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन पकड़ा गया विशाल कुमार बीते 1 वर्ष से लगातार फरार ही चल रहा था। फरार आरोपी का लोकेशन सही सही नहीं मिल पा रहा था। इस बात की जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी है। एसपी ने बताया कि बीते वर्ष ऐसी से लदे ट्रक लूट कांड मामले के खुलासा के लिए एसआईटी गठित की गई थी। इस मामले में सम्मिलित 4 आरोपियों को पुलिस पूर्व में पकड़ कर जेल भेज चुकी है। लेकिन पांचवा आरोपी विशाल कुमार लगातार फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। लेकिन एसआईटी विशाल कुमार को पकड़ने के लिए लगी हुई थी। छानबीन के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि विशाल कुमार नागपुर के कटोंधा थाना क्षेत्र में शरण लिए हुए है।

# मेडिक्लेम प्रक्रिया में लगने वाले अत्यधिक समय के कारण 50 प्रतिशत से अधिक रोगियों को डिस्चार्ज मिलने में होती है देरः सर्वे

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि चिकित्सा बीमा दावों के लिए लगने वाले अत्यधिक समय के कारण प्रत्येक 10 में से 5 मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में देरी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की जाने वाली परेशानी को कम करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 100 प्रतिशत कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क सुविधा शुरू करने की संभावना है जिसमें सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के अस्पताल शामिल होंगे। परिणामों पर बोलते हुए, डा. वैभव कपूर, सह-संस्थापक, प्रिस्टीन केयर, ने कहा, कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस के लिए बताई गई सुविधा और पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की गई वास्तविकता के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है। सर्वेक्षण में शामिल 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कैशलेस बीमा होने के बावजूद, एक महत्वपूर्ण संख्या को अभी भी दावा प्रक्रिया के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह पहले से ही बीमारी से जूझ रहे रोगियों और परिवारों के लिए अतिरिक्त तनाव पैदा करता है। हालांकि, यह जानना उत्साहजनक है कि बीमा कंपनियों ने प्रक्रिया को त्वरित और सुचारू बनाने के लिए पहले ही डिजिटलीकरण और तकनीक का उपयोग करना शुरू कर दिया है। तकनीकी नवाचारों को अपनाकर, बीमा कंपनियां न केवल पॉलिसीधारकों के सामने आने वाली मौजूदा चुनौतियों का सामाधान कर रही है, बल्कि अधिक कुशल और ग्राहक-केंद्रित बीमा इकोसिस्टम का मार्ग भी प्रशस्त कर रही हैं। जैसे-जैसे डिजिटलीकरण आगे बढ़ रहा है, इससे स्वास्थ्य बीमा की पहुंच और प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद मिल रही है, जिससे अंततरू गंभीर बीमारी के दौरान मरीजों और उनके परिवारों को लाभ होगा। अध्ययन से पता चला है कि 40 प्रतिशत से अधिक लोग भारत में स्वास्थ्य बीमा दावों में देरी के लिए अस्पताल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जिम्मेदार मानते हैं, जबकि 25 प्रतिशत लोग इसके लिए अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वय की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं। जटिल दस्तावेजी प्रकियाएं भी इन देरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा सर्वे में बीमा दावों की प्रक्रिया के दौरान रोगी के परिवारों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को रेखांकित करता है, जिसमें 10 में से लगभग चार उत्तरदाताओं ने दावा प्रक्रिया के संबंध में ग्राहक सेवा में कठिनाई का सामना करने की बात मानी है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि 10 में से 6 लोगों ने कभी भी स्वास्थ्य बीमा दावा प्रक्रिया शुरू नहीं की। ऐसा करने वालों में, 34 प्रतिशत ने कागजी कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि 40 प्रतिशत को अपनी बीमा कंपनियों से समय पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करीब 10 में से 3 मरीजों को प्री-अप्रूव्ड और अंतिम दावा राशि के बीच विसंगतियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, करीब 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि डिस्चार्ज प्रक्रिया में 8 घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि अस्पतालों को दावा प्रक्रिया पूरी करने में लगभग इतने ही समय की जरूरत होती है। लगभग 10 में से 4 लोगों के पास अपनी पॉलिसी के नियम और शर्तों को लेकर स्पष्टता की कमी थी। इतना ही नहीं, करीब 18 प्रतिशत लोगों ने दावे की स्थिति के संबंध में अपनी बीमा कंपनियों से प्राप्त कम्युनिकेशन पर असंतोष व्यक्त किया। पीडब्ल्यूसी के मुताबिक, दावा प्रक्रिया में एआई और एमएल के उपयोग से प्रसंस्करण समय 90 प्रतिशत तक कम हो सकता है। एक सुव्यवस्थित स्वास्थ्य बीमा प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। यह गंभीर बीमारी के समय तत्काल वित्तीय बोझ को समाप्त करता है, जिससे मरीज और परिवार को उपचार पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। टेक्नोलॉजी एक शक्तिशाली समाधान प्रदान करती है। कई बीमा कंपनियां अब सुविधाजनक पॉलिसी प्रबंधन के लिए यूजर्स के अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में प्रगति बीमा कंपनियों को दावों को तेजी से और अधिक सटीकता के साथ प्रोसेस करने में सक्षम बना रही है। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में, भारत के 49 प्रतिशत अस्पतालों में कैशलेस सेटलमेंट सेवाएं उपलब्ध हैं। महंगे चिकित्सा बिलों और झूठे दावों के जवाब में बीमा कंपनियों से भुगतान बढ़ाने के उद्देश्य से जनरल और हेल्थ दोनों बीमा कंपनियां संबद्ध अस्पतालों के अपने रोस्टर को अपडेट करती हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, बीमा नियामक, जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के सहयोग से, एक राष्ट्रव्यापी कॉमन कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क स्थापित करने का काम कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य बीमा दावा निपटान प्रक्रिया का विस्तार करना और इसे सुव्यवस्थित बनाना है।

## पटना में छात्र ने पंखे से लटक कर की खुदकुशी

नई सोच एक्सप्रेस

पटना में एक छात्र ने सुसाइड कर लिया है। गोलू कुमार नाम के छात्र ने मां तारा बॉयज हॉस्टल में खुदकुशी की है। गोलू पटना के नौबतपुर शहर रामपुर का रहने वाला था। वो सिमेज कॉलेज पाटलिपुत्र से बीबीए सेकेंड ईयर में पढ़ाई कर रहा था। छात्र का पूरा परिवार लुधियाना में रहता है। पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद छात्र की मौसी और नौबतपुर से कुछ पड़ोसी हॉस्टल पहुंचे हैं।

**घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल की टीमः** घटनास्थल पर श्रीकृष्णापुरी की पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंचकर जांच कर रही है। छात्र ने दीवार पंखे से लटकर खुदकुशी की है। पुलिस हर एक बिंदु पर अभी जांच कर रही है। नौबतपुर से आए पड़ोसी श्रवण कुमार ने बताया कि मृतक के दादा कृष्णा वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता हैं। देर रात परिजनों से गोलू ने बात की थी और तबीयत ठीक नहीं होने की जानकारी दी थी। सुबह में जब कॉल करने के बाद रिस्पॉन्स नहीं मिला तो परिजनों ने मकान मालिक को कॉल किया। जिसके बाद परिजनों को सुसाइड की जानकारी मिली।



♦ बीबीए सेकेंड ईयर का था स्टूडेंट, लुधियाना में रहते हैं माता-पिता

**FSL की टीम कर रही जांचः** डीएसपी साकेत कुमार ने बताया कि रवि कुमार जिसकी उम्र 19 वर्ष है। पटना में रहकर BBA की पढ़ाई कर रहा था। रस्सी से लटकर खुदकुशी की है। परिवार के सदस्य अभी नहीं आए हैं।

## 2 करोड़ के सोना लूटकांड में पुलिस की जांच जारी

### पटना यूनिवर्सिटी के हॉस्टलों को खंगाल रही पुलिस

नई सोच एक्सप्रेस

पटना में 7 मार्च को दिल्ली के कारोबारी से हुए 2 करोड़ के सोना लूट मामले में पुलिस की जांच जारी है। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता सैयद अली रजा हाशमी को पुलिस ने 11 मार्च को गिरफ्तार किया था, जबकि बंटी उर्फ प्रतीक ने 9 अप्रैल को सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इस घटना में कुछ और लोग शामिल थे। जिसका नाम बंटी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया है, लेकिन अब तक ना ही घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है और ना ही लूट का सोना बरामद हुआ है।

**इकबाल और मिंटो हॉस्टल में छापेमारीः** डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि सैयद अली रजा हाशमी पटना यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहता था। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इकबाल और मिंटो हॉस्टल में छापेमारी भी की गई है, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपियों घर पर भी दबिश दी जा रही है। लोकल पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।



♦ अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

**पुलिस का दावा- जल्द होगी अपराधियों की गिरफ्तारीः** हाशमी का कनेक्शन कांग्रेस के छात्र संगठन NSUI से रहा है। ये मूल रूप से छपरा का रहने वाला है। पीयू का पूर्व छात्र नेता रह चुका है, जबकि बंटी पटना लॉ कॉलेज में थर्ड ईयर का छात्र है। सूत्रों के अनुसार इस बड़ी वारदात में पीयू से संबंधित बाबर उर्फ फहीम, लक्की और भाईजी भी शामिल है। तीनों का ठिकाना इकबाल और मिंटो हॉस्टल है। गिरफ्तार अपराधी ने बताया है कि इन्हीं तीनों के पास लूट का सोना रखा हुआ है। पुलिस के अनुसार जल्द ही फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर लूट का सोना बरामद कर लिया जाएगा।

**क्या है पूरा मामलाः** बता दें, 7 मार्च को राजधानी पटना के डाकबंगला चौराहे के पास दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली के कारोबारी से हथियार के बल लूट हुई थी। पिता-पुत्र के हाथ में गहनों से भरा बैग था। जिसे बदमाश छीनकर भाग निकले थे। कारोबारी अंसार अली मोल्ला दिल्ली के करोल बाग का रहने वाला था। जो सोना लेकर पटना के विभिन्न दुकानों में सप्लाई करने आया था। दिल्ली से आने के बाद कारोबारी होटल गली में स्थित होटल में ठहरा था। उसने पिछले दो दिनों में दो होटल बदले थे। स्वर्ण कारोबारी पिता-पुत्र बिजनेस के सिलसिले में पटना आते-जाते रहते हैं। बदमाशों ने बीच सड़क दोनों को घेरा और बैग छीनने की कोशिश करने लगे। ज्वेलर के बेटे ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के समय भीड़ भी मौजूद थी, लेकिन कोई बचाने नहीं आया था। गोली उसके हाथ में लगी थी। जिसके बाद इलाज के लिए PMCH भेजा गया था।

### तेजस्वी की हर झूठ की पोल खोलता लालू-राबड़ी का जंगलराज : सेतु

**पटना**। जदयू प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर रोजगार को लेकर झूठा क्रेडिट लेने का आरोप लगाया है। तेजस्वी यादव के तमाम झूठ की पोल उनके पिता और माता लालू - राबड़ी के 15 साल का कुशासन है जो बिहार में जंगलराज के नाम से जाना जाता है। यह उनकी गलत बयानी का सटीक जवाब है।श्री सेतु ने कहा है कि लालू - राबड़ी का 15 साल का शासनकाल दरअसल घोटाले, नरसंहार, जातीय राजनीति, कमिशनखोरी, पलायन, अशिक्षा, बेरोजगारी, हकमारी और परिवारवाद के रूप में जाना जाता है। श्री सेतु ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि अपने पूरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लाखों युवाओं को नौकरी दी। यही नहीं उन्होंने बेरोजगार तेजस्वी यादव को भी उपमुख्यमंत्री बनाकर 17 माह तक रोजगार दिया। लेकिन, रोजगार देने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एहसान मानने की जगह तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद के मिलकर विकासपुरुष नीतीश कुमार के साथ छल की सियासत करने लगे। हर कोई जानता है कि रोजगार देना किसी मंत्री के बूते का काम नहीं है। इसके लिए सीएम का निर्णय और सहमति जरूरी होती है। तेजस्वी यादव भी यह बात अच्छी तरह जानते हैं। लेकिन, जनता में गलत बयानी कर भ्रम फैला रहे हैं।

# मोनू की मौत से गांव में पसरा मातमी सन्नाटा, चूल्हे नहीं जले

नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर**। प्रखंड की नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत के सूरतपुर विद्या गांव निवासी रमेश सिंह के इकलौते पुत्र 19 वर्षीय मोनू कुमार की बेरई गांव स्थित संत पाल स्कूल के पास हाजीपुर महुआ मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में गुरुवार को घटना से स्थल पर ही मौत हो गई थी। यह उस समय हुई जब वह रुपए की निकाली करने के लिए हाजीपुर जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जिसपर सवार शंभू पट्टी निवासी राजन सिंह का 20 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार से उसकी सीधी टक्कर हो गई और दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। लोग यह भी अनुमान लगा रहे हैं कि शायद अज्ञात चार पहिये वाहन सिर को कुचलने हुए भाग चला क्योंकि उसका सिर बुरी तरह ज़ख़्मी था। उसकी मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव के किसी घर में चूल्हे नहीं जले।उसके पिता अहमदाबाद में किसी कारखाने में मजदूरी का काम करते हैं। एक छोटी बहन है जिसकी हाल में ही शादी हुई थी। मोनू बहुत ही नेक इंसान था। गांव में किसी से उसकी अदावत नहीं थी। वह इंटर पास था। वह जिला पार्षद गुंजा कुमारी उसके के पति भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सौरभ शर्मा का चचेरा भाई था।





राजापाकर मोनू कुमार की फाइल फोटो

उसने एवं पंचायत की मुखिया बेबी देवी उनके पति समाजसेवी अमरेश कुमार सिंह भाजपा के राजापाकर मंडल अध्यक्ष पप्पू कुमार सहित दर्जनों लोगो ने सरकार से मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### ठेकेदार हत्याकांड मामले में हुई एफआईआर दर्ज, सीसीटीवी में 3 संदिग्ध दिखे

नई सोच एक्सप्रेस

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में ठेकेदार अजय कुशवाहा हत्याकांड मामले में मीनापुर थाना में परिजन ने एफआईआर दर्ज करवाई है। इसमें सरोज राय और राकेश को आरोपी बनाया गया है। परिजनों ने आपसी रंजिश को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। इधर घटना से जुड़ी एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।जिसमे तीन संदिग्ध को देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज में आए तीनों संदिग्ध की पहचान में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध पल्सर बाइक से सवार जा रहा है। मीनापुर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक अजय कुशवाहा राजेपुर थाना क्षेत्र के अजीत कुमार के छोटा भाई सुनील राय की हत्या मामले में जेल भेजा था ।परिजन का मनना है कि उसी के प्रतिशोध में उसकी हत्या की गई है।

## राहुल गांधी अब जनेऊधारी ब्राहमण का चोला उतार, ब्राह्मणों के खिलाफ बोलने वाले जातिवादी विशेषज्ञ हो गये हैं.--संजय जयसवाल

नई सोच एक्सप्रेस

**बेतिया(प. चंपारण)**। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे जनसंपर्क अभियान के तहत वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज बेतिया के बड़का बरवतसेना, हरदिया पूर्वी, हरदिया पश्चमी के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जा कर लोगों से मुलाकात की तथा जीत का आशीर्वाद माँगा. इस मौके पर जीत की गारंटी देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान चंपारण की जनता का जो स्नेह, प्यार व समर्थन मिल रहा है, वह वास्तव में अद्भुत है. यहां का हर निवासी प्रधानमन्त्री मोदी जी का ब्रांड अम्बेसडर बना हुआ है। दूसरी तरफ विपक्षी दलों के झूठ और दुष्प्रचार से लोग अब चिढ़ने लगे हैं । वास्तव में मोदी जी की गारंटी विपक्ष के हर झूठ पर भारी पड़ रही है. हर कोई मानता है कि विकास के लिए कमल खिलाना और मोदी जी को फिर से प्रधानमन्त्री बनाना जरूरी है. कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के दस वर्षों के शासनकाल में कोई मुद्दा नहीं मिलने से कांग्रेस की हालत 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' जैसी हो चुकी है. खुद राहुल गांधी अब जनेऊधारी ब्राहमण का चोला उतार, ब्राह्मणों के खिलाफ बोलने वाले जातिवादी विशेषज्ञ हो गये हैं. हिंदू समाज और सनातन धर्म को गलियां देने वाले उनके खासमखास सलाहकार बने देखे जा सकते हैं. हकीकत में उन्हें समझ में ही नहीं आ रहा है कि करें तो क्या करें। यही वजह है कि अब वह खुल कर झूठ पर उतर आये हैं। कांग्रेस यह जान ले कि चंपारण की जनता उनका सारा खेल जानती है। उनका कोई दांव यहां चलने वाला नहीं है। भाजपा युवा नेता धर्मंजन कुशवाहा तप्ती धुप दुपहरिया में घर घर मोदी के कार्यों और भाजपा प्रत्याशी के बारे में बता रहे हैं एक अलग टोला बना कर जिसमें पार्टी के विजन और सोच को बता रहे हैं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इनका प्रचार कार्य अलग और अनुठा है।



• विपक्ष के हर झूठ पर भारी है मोदी की गारंटीः संजय जायसवाल

## बदनामी की वजह से पीएम की तस्वीर हटाई गई

नई सोच एक्सप्रेस

पटना के दानापुर में पाटलिपुत्र सांसद प्रत्याशी लालू यादव की बड़ी पुत्री मीसा भारती ने कोरोना वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर हटाने को निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। इसकी बदनामी से डर कर प्रधानमंत्री की तस्वीर कोरोना वैक्सीन से हटा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को किसी भी कार्य को लेकर श्रेय लेना, उनकी पुरानी आदत है। कोरोना वैक्सीन के संदेहास्पद नतीजे सामने आ रहे हैं तो इसकी बदनामी से डर कर प्रधानमंत्री की तस्वीर कोरोना वैक्सीन से हटा दी गई है। इस बात से महागठबंधन के नेताओं की ओर से आम जनमानस को अवगत कराया जा रहा है।

**जांच की मांगः** मीसा भारती ने यह भी कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन जांच का विषय है। हर स्तर पर इसकी जांच होनी चाहिए। संबंधित दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीत का मार्जिन काफी ज्यादा होगा। उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देती हूं।




**जेपी नड्डा पर भी निशाना साधाः** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बिहार दौरे को लेकर भी मीसा भारती ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि सिर्फ चुनाव के दौरान बिहार की याद आती है। उन लोगों ने जो 2014 और 2019 में जनता से जो वादा किया था। उसकी चर्चा कहीं नहीं कर रहे हैं। बीजेपी वालों से यह जानना चाहती हूं कि बिहार को स्पेशल पैकेज कब मिलेगा।

# फतुहा में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**फतुहा**। प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है। प्रेस की आजादी से यह बात साबित होती है कि उस देश में अभिव्यक्ति की कितनी स्वतंत्रता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रिय स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। प्रेस और मीडिया हमारे आसपास घटित होने वाली घटनाओं से हमें अवगत करवा कर हमारे लिए खबर वाहक का काम करती है। यही खबरें हमें दुनिया से जोड़े रखती है। स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्व की जागरूकता फैलाना है, प्रेस की आजादी और समाचारों को लोगों तक पहुंचा कर सशक्त हो रहे मीडिया कर्मियों को लोगों तक व्यापक विकाश करना इसका उद्देश्य है। भाजपा कार्यालय मां तारा उत्सव पैलेस गोविंदपुर फतुहा में भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे पत्रकारिता में तत्कालीन डीजीपी गुप्तेश्वर पाण्डेय द्वारा सम्मानित किया गया। भाजपा द्वारा 21 हजार रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। केवल सच मासिक पत्रिका में सच लिखने के कारण धमकियां दिया गया, इस कारण भारत सरकार द्वारा सुरक्षा गार्ड भी मुहैया कराया गया था। उन्होंने कहा कि प्रेस की सजकता के कारण न केवल भारत बल्कि अनेक देशों में भी पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश हो सका जिसके चलते बड़े बड़े उद्योगपतियों को एक ही झटके में अर्स से फर्श परला दिया ,यही

### • बनी रहे कलाम की धार - डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल

कारण है कि समय-समय कलम रुपी हथियारों को भोथरा बनाने अथवा तोड़ने के कुचक्र होते रहे हैं। विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत की दुनिया भर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को जान देकर भी चुकानी पड़ती है। पिछले दशकों में प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में स्थितियां काफी बदल गई है ।आज दुनिया भर में पत्रकारों पर राजनीतिक ,अपराधी और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा बढ़ा है ,भारत भी इस मामले में अछूता नहीं है इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अनील कुमार शर्मा, पुजा कुमारी, पिंकी देवी,शोभा पटेल , ममता पटेल, अनामिका पाण्डेय,संजू कुमारी, जितेंद्र मिस्त्री, सत्येंद्र पासवान, बब्लू शाह।

# जिलाधिकारी ने लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीयवादों की सुनवाई की



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीयवादों की सुनवाई की गयी। जिला पदाधिकारी के समक्ष प्राप्त 07 मामले में से 05 मामलों पर आदेश पारित किया गया है, जिसमें 01 मामला अंचल अधिकारी, रतनी फरीदपुर का जमाबंदी रद्दीकरण से संबंधित, 02 मामला प्रखंड विकास पदाधिकारी, रतनी फरीदपुर का एक वृद्धा अवस्था पेंशन से संबंधित एवं एक प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित, 01 मामला अंचल अधिकारी, मोदनगंज का अतिक्रमण से संबंधित तथा 01 मामला अंचल अधिकारी, मखदुमपुर का अतिक्रमण से संबंधित है। शेष 02 मामलों में 01 मामला प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जहानाबाद सदर का राशन कार्ड से संबंधित तथा 01 मामला प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोषी का प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित है। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों पर गहन समीक्षोपरांत संबंधित लोक प्राधिकार को स्थल पर जाकर भौतिक निरीक्षण करने का निदेश दिया तथा अगली निर्धारित तिथि को विस्तृत जांच प्रतिवेदन के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होने का निदेश दिया गया। आज के लोक शिकायत की सुनवाई में सभी प्राधिकार एवं परिवादी उपस्थित थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# जिंदा कौम ही मातृभूमि से प्रेम कर सकती है



**[ खाद पदार्थों से भरी और औषधियों गुणों से युक्त पेड़ पौधों वाली अपनी मातृभूमि अपनी संतानों को आपस में जात, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लड़ते देख दुखी है। वो दूर कहीं बैठ कर अपने सुंदर और रमणीय अतीत को निहार रही है। कभी अतीत को याद कर मुस्कुराती तो कभी वर्तमान के भयावह रूप को देखकर बिलख बिलख के रो रही है। अनेक गुणों वाले अपने पुत्रों को लघुवादो के विषैले जाल में फंसते हुए देख कर कहर रही है। दुखी मातृभूमि के आशुओं को पोछने के लिए, उसके बुढ़ी लाठी को सहारा देने के लिए आईपीएस विकास वैभव अपने लेट्स इंस्पायर अभियान के लाखों सदस्यों के साथ खड़े हो चुके हैं। और, अन्य युवाओं को जागृत करने के लिए बिहार के हर जिले में जाकर युवा संवाद कर रहे है। ]**

धर्म, जात और क्षेत्र की अपनी अपनी सुंदरता और महता हैं। लेकिन जब ये मानव के बीच दीवार खींचने का प्रयास करें तो निश्चित ही मातृभूमि पर अधिकार जमाने के लिए दुश्मनों की चाल कामयाब हो जाती हैं। जब एक कमजोर देश शस्त्रों से सामना नहीं करता तो वो कूटनीति का सहारा लेता है। वह देश छल की नीति का सहारा लेकर अपने से मजबूत देशों के मानवों को धर्म, जाति और क्षेत्र के नाम पर आपस में लड़वाने का प्रयास करता है। इन बातों से भारत का इतिहास गवाह है। आज भारत के छात्र आधुनिक भारत के इतिहास में यह शिक्षा ग्रहण करते हैं कि कैसे अंग्रेजों ने छल कर, भारत के लोगों को जात, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लड़वाया और भारत को गुलाम बना कर लगभग तीन सौ वर्षों तक शासन किया। अंग्रेजों ने भारत के मजबूत मुगल वंश को छूने का प्रयास आरंभ में नहीं किया। वो भारत में कमजोर क्षेत्रों की तलाश करते गए और धीरे धीरे धर्म, जात और क्षेत्र के नाम पर भारतीयों को उलझा कर धीरे धीरे उनके क्षेत्रों पर अपना आधिपत्य जमाने लगें। भारत से सूती कपड़े, रेशम, काली मिर्च, लौंग, इलायची और दालचीनी यूरोप जाने लगा था। ईस्ट इंडिया कंपनी का जहाज 1608 में सूरत पहुंचा। वहां पुर्तगालियों को डच ईस्ट इंडिया कंपनी की मदद से रास्ते से हटाया। फिर मुगल शासक जहांगीर से रिश्तों को मजबूती दी। यूरोपीय वस्तुओं के बदले भारतीय शासकों का दिल जीता। धीरे-धीरे कूटनीति के जरिये उनके राजनीतिक मामलों में दखल शुरू किया। ताकत भी बढ़ाते रहे। कंपनी ने मुगल से टैक्स में छूट प्राप्त कर ली थी। अब अफसर भी निजी कारोबार करने लगे थे और वे टैक्स नहीं चुकाते थे। इसका बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला ने विरोध किया। कलकत्ता में ब्रिटिश संपत्ति पर कब्जा जमा लिया। अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। तब कंपनी का एक और गढ़ था मद्रास (आज का चेन्नई) में। वहां से रॉबर्ट क्लाइव नौसेना लेकर आए और 1757 में सिराजुद्दौला से प्लासी का युद्ध लड़ा। सिराजुद्दौला के सेनापति मीर जाफर ने विश्वासघात किया और युद्ध में नवाब की मौत हो गई। जल्द ही कंपनी को लगने लगा कि कठपुतली नवाब काम नहीं आएंगे। सत्ता अपने हाथ में होनी चाहिए। तब 1765 में मीर जाफर की मौत के बाद कंपनी ने रियासत अपने हाथ में ली। मुगल सम्राट ने कंपनी को बंगाल का दीवान बना दिया यानी "कंपनी बहादुर" अस्तित्व में आया। अंग्रेजों के सामने दो बड़ी चुनौतियां तब भी थीं। दक्षिण में टीपू सुल्तान और विंध्य के दक्षिण में मराठा। टीपू ने फ्रेंच व्यापारियों से दोस्ती कर ली थी। सेना को आधुनिक बना लिया था। वहीं, मराठा दिल्ली के जरिए देश पर शासन करना चाहते थे।सीताराम पांडे ने "फ्रॉम सिपॉय टू सुबेदार" संस्मरण में लिखा है कि यह सबको लग रहा था कि अंग्रेज भारतीय धर्मों का सम्मान नहीं करते। नाराजगी तो थी लेकिन जब यह खबर आई कि नई बंदूकों के कारतूसों पर गाय और सूअर की चर्बी का लेप है तो कंपनी में सिपाही भड़क गए।1857 में मेरठ में सिपाही विद्रोह के चलते मंगल पांडे को फांसी पर चढ़ाया गया। वहां से उठी चिंगारी ने झांसी, अवध, दिल्ली, बिहार में क्रांति को हवा दी। रानी लक्ष्मीबाई, बहादुर शाह जफर, नाना साहेब आदि ने मिलकर एक साथ बगावत कर दी। अंग्रेजों को खदेड़ दिया गया था। कंपनी ने तब लंदन से फौज बुलवाई। सितंबर-1857 में दिल्ली में फिर अंग्रेजों का कब्जा हुआ। मार्च-1858 में लखनऊ, जून-1858 में झांसी पर अंग्रेज फिर हावी हुए। ब्रिटिश संसद ने कानून पारित किया और भारत की सत्ता ईस्ट इंडिया कंपनी के हाथ से महारानी के हाथ में चली गई। यह सब इसलिए लेख के माध्यम से साझा कर रहा हूं क्योंकि बिहार भी लघुवाद से घिर रहा है। यह सचेत होने का समय है। लोग अपने राज्य से प्रेम करते है। चाहे जो हो जाएं अपनी मां से सबको प्रेम होता हैं। होने की वजह भी है वात्सल्य से पूर्ण मां अपने पुत्रों को आंचल की छांव दे कर हर बलाइयो से दूर रखने का प्रयास करती हैं। अपनी मातृभूमि में भी ऐसे ही गुण मौजूद हैं। खाद पदार्थों से भरी और औषधियों गुणों से युक्त पेड़ पौधों वाली अपनी मातृभूमि अपनी संतानों को आपस में जात, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लड़ते देख दुखी है। वो दूर कहीं बैठ कर अपने सुंदर और रमणीय अतीत को निहार रही है। कभी अतीत को याद कर मुस्कुराती तो कभी वर्तमान के भयावह रूप को देखकर बिलख बिलख के रो रही है। अनेक गुणों वाले अपने पुत्रों को लघुवादो के विषैले जाल में फंसते हुए देख कर कहर रही है। दुखी मातृभूमि के आशुओं को पोछने के लिए, उसके बुढ़ी लाठी को सहारा देने के लिए आईपीएस विकास वैभव अपने लेट्स इंस्पायर अभियान के लाखों सदस्यों के साथ खड़े हो चुके हैं। और, अन्य युवाओं को जागृत करने के लिए बिहार के हर जिले में जाकर युवा संवाद कर रहे है। लेख के माध्यम से यहीं कहना चाहता हूं कि बिहार को ही अपना जात, धर्म और क्षेत्र बनाएं युवा। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़कर आईपीएस विकास वैभव का मनोबल ऊंचा करें। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

# सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड अतुल कुमार अनजान के निधन पर शोक-संवेदना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड अतुल कुमार अनजान के निधन की खबर सुनकर काफी स्तब्ध हूं। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अस्सी के दशक में जब वे लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष और एआईएसएफ के राष्ट्रीय सचिव थे उनसे पहली मुलाकात इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हुई और जो आत्मीय संबंध बना वह दिन पर दिन मजबूत हीं होते गया। उनके निधन की खबर काफी मर्माहत करने वाली है। उनको मेरा लाल सलाम।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, दो रेफर

नई सोच एक्सप्रेस





अस्पताल परिसर में जुटी लोगों की भीड़

**पंचदेवरी**। कटेया थाना क्षेत्र के भठवां गांव के समीप भोरे-पंचदेवरी मुख्यमार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हो गये. इनमें से लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है. वहीं, एक बच्ची समेत दो लोग खतरे से बाहर हैं. घायलों में कटेया थाने के ही रूपीबगही गांव निवासी उमेश सिंह, मनोज, रिमझिम कुमारी व नेहरुआ गांव के रामा राम शामिल हैं. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उमेश सिंह व मनोज सिंह रिमझिम कुमारी को लेकर बाइक से रूपीबगही से

### • कटेया थाना क्षेत्र के भठवां गांव के समीप हुआ हादसा

पंचदेवरी की ओर जा रहे थे. रामा राम बाइक से पंचदेवरी से अपने गांव नेहरुआ जा रहे थे. इसी बीच भठवां गांव के समीप दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गयीं. टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिर पड़े. घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी. आस-पास के लोगों ने चारों को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उमेश सिंह व मनोज सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया. इधर, घटना की सूचना मिलने पर पंचदेवरी पिकेट प्रभारी गीता बिहारी ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच की।

# बाबा मन्दिर देवघर में अभिनेता दीप श्रेष्ठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लिए की पूजा-अर्चना

नई सोच एक्सप्रेस



**देवघर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरे बार सफल प्रधानमंत्री बनने और भारत के विकास के लिए अभिनेता-निर्देशक दीप श्रेष्ठ ने बाबा बैधनाथ धाम देवघर मन्दिर मे पूजा अर्चना और अभिषेक किया ।इस से पहले भी 2014 ,2019 मे पण्डा मार्कण्डेय जी विजय जी के देख रेख मे दीप श्रेष्ठ ने पूजा अभिषेक किया था। इस बार फिर विजय पण्डा और कुणाल पण्डा जी के देख रेख मे नरेंद्र मोदी जी के लिए दीप श्रेष्ठ ने पूज अर्चन और अभिषेक किया।इस बार फिर 400 पार की सफलता और धानमंत्री बने नरेंद्र मोदी जी यही कामना के साथ दीप श्रेष्ठ देवघर मन्दिर पूजा करने आये।दीप श्रेष्ठ ने बताया की भारत में ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी है जो निर्णय लेने में सख़्त और सही सोच वाले हैं । इन्होंने 370 हटाया । राम मन्दिर अयोध्या में स्थापित किया जो कोई नहीं कर सका । काशी विश्वनाथ मंदिर कारीडोर बनवाया । विन्ध्याचल मन्दिर कारीडोर बन गया है। कई मन्दिरों का पुनः सौन्दीकरण हो रहा है। देश की सुरक्षा के लिए आधुनिक हथियार और फ़ाईटर प्लेन इनके शासन काल में ख़रीदा गया है ।आज विदेशों में भारत का नाम हमारे प्रधानमंत्री ने बहुत किया है कई देश आज भारत को बहुत मज़बूत मानते हैं ये देने हमारे प्रधानमंत्री हैं। स्वास्थ्य कार्ड आयुष्मान भारत से ग़रीबों और 70 साल के सीनियर सिटिज़न को स्वस्थ लाभ के लिए दिया जा रहा है । गरीवो को मुफ़्त राशन और किसानों और महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। कश्मीर में रेल लाईन , नॉर्थ मे रेल लाईन बिछ रही हैं, कई अंग्रेज़ी शासन के क़ानून बदलने का इतिहासिक फ़ैसला माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है। देश में समान नागरिकता क़ानून सीएए लागू हो इस लिए 400 के भारी बहुमत से एनडीएगठबन्धन भाजपा को आना चाहिए नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश चलना चाहिए। मेरी इच्छा है देवघर मन्दिर कारीडोर बनना चाहिए और सम्मान्य नागरिक क़ानून बनना चाहिए।

# नालंदा में निलंबित टैक्स दारोगा नगर परिषद के खाते से ट्रांसफर करवा रहा था पैसे, FIR दर्ज

**नालंदा**। राजगीर नगर परिषद के निलंबित टैक्स दारोगा प्रमोद कुमार नगर परिषद के खाते से 14 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा रहा था। बैंक प्रबंधक की सूझ-बूझ से जनता की गाढ़ी कमाई बच गयी। मामला उजागर होते ही वह बैंक से भाग निकला। एक सप्ताह पहले ही उसे कोर्ट से जमानत मिली थी। एक सप्ताह बाद ही 14 लाख रुपए जालसाजी का प्रयास कर रहा था। सूचना मिलते ही नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बैंक खाते को फ्रीज करवा दिया है। वहीं उसके खिलाफ थाने में FIR करायी गयी है। तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी के आदेश से उसे पहले ही सभी कार्यभार से मुक्त कर दिया गया था। राजगीर के पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक मदन कुमार ने बताया कि नगर परिषद के नाजिर के खाते से 14 लाख रुपए निजी खाते में ट्रांसफर करने का चेक मिला। मामला संदिग्ध लगा।

# गोपालगंज में गदहा की सवारी कर नामांकन करने पहुंचे सांसद प्रत्याशी



नई सोच एक्सप्रेस

**गोपालगंज**। लोकसभा चुनाव में अजब-गजब रंग देखने को मिल रहे हैं...गोपालगंज में एक निर्दलीय प्रत्याशी आज गदहा पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचे...जहां देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गयी...कुचायकोट प्रखंड के शामपुर गांव के रहनेवाले पूर्व जिला पार्षद सत्येंद्र बैठा तीसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं...नामांकन पर्चा भरने के बाद सत्येंद्र बैठा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का प्रचार-प्रसार भी गदहा से ही करेंगे... उन्होंने कहा कि चुनाव जीतकर सांसद चुने जाने के बाद जनप्रतिधि दिल्ली चले जाते हैं...गोपालगंज में पिछल तीन दशक से कोई विकास कार्य नहीं हुआ..डीजल-पेट्रोल की भी महंगाई है...सांसद बनने के बाद जनप्रतिनिधि जनता का तवज्जो नहीं देते हैं....इसलिए गदहा की सवारी कर नामांकन पर्चा दाखिल किया।

# भारतीय मुद्रा एवं नेपाली मुद्रा के साथ सीमा पर SSB के द्वारा किया एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए की जा रही लगातार कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 02/05/2024 को 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी पीपरौंन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक और कामयाबी मिली है, चेक पोस्ट ड्यूटी के दौरान मुख्य आरक्षी तोरण सिंह व जवानों के द्वारा की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 284/35 से लगभग 20 मीटर भारतीय क्षेत्र की एक संदिग्ध व्यक्ति दिनेश शर्मा (उम्र 28 वर्ष) सुपुत्र राम लखन शर्मा, वार्ड नंबर- 14, भातरा घाट ,बिस्फी, मधुबनी (बिहार) को भारतीय मुद्रा रुपए 1,58,220 एवं नेपाली मुद्रा रुपए -2015/- के साथ जब्त कर गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। सशस्त्र सीमा बल के जवानों को उक्त व्यक्ति के ऊपर संदेह होने पर पूछताछ की और पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति भारतीय मुद्रा के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर व्यक्ति को जवानों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया ताकि जब्त की गयी मुद्रा का गलत प्रयोग लोकसभा चुनाव-2024 में न हो सके। जब्त की गई भारतीय मुद्रा एवं नेपाली मुद्रा और गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत में लोकसभा चुनाव-2024 होने जा रहे है जिसको मध्यनजर रखते हुए नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है ।

# शिवहर के मैदान में ओवैसी के दमदार प्रत्याशी

नई सोच एक्सप्रेस




**शिवहर**। लोकसभा क्षेत्र में पूर्व सांसद आनंद मोहन की पूर्व सांसद पत्नी लवली आनंद एनडीए समर्थित जदयू की उम्मीदवार है जबकि दूसरी तरफ से महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार रितु जायसवाल है लेकिन इन दोनों उम्मीदवारों के बीच एक तीसरा उम्मीदवार भी है जिसने सबके होश उड़ा रखे हैं और इस उम्मीदवार का नाम है राणा रणजीत सिंह राणा रणजीत सिंह का परिचय यह है कि यह शिवहर के पूर्व सांसद सीताराम सिंह के पुत्र हैं तथा ओवैसी की पार्टी एम से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं रणजीत सिंह के नामांकन सभा में जुटी भीड़ ने या स्पष्ट कर दिया कि अल्पसंख्यकों के साथ ही साथ अगले और पिछले का एक बड़ा तब का उनके साथ है और शिवहर की लड़ाई में दोनों बड़े प्रत्याशियों के बीच में राणा रणजीत सिंह बड़ा कमाल दिखा सकते हैं। राणा रणजीत सिंह ने कहा कि जो दोनों प्रत्याशी हैं वह बाहरी हैं जबकि वह स्थानीय प्रत्याशी है इस कारण से क्षेत्र की एक-एक समस्या से बाकी है लोगों से सीधे कनेक्ट है जात धर्म से ऊपर हैइसी कारण से उनके साथ भारी भीड़ देखने को मिल रही है राणा रणजीत सिंह ने कहा कि यहां से इस बार चौंकाने वाला चुनाव परिणाम होगा जिन लोगों को लग रहा है कि शिवहर उनकी बपौती है इसका जवाब यहां की महान जनता देगी जात-पात का जहर फैलाने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा विकास के आधार पर वे चुनाव लड़ रहे हैं और क्षेत्र की जनता उनके साथ है।

# हथुआ मार्केट व्यावसायिक संघ




नई सोच एक्सप्रेस

हथुआ मार्केट व्यावसायिक संघ द्वारा राहगीरों को शुद्ध पानी पिलाने के लिए पियायु का शुभारंभ संघ अध्यक्ष मुकेश जैन ने किया। जैन ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जैन ने बताया कि हथुआ मार्केट व्यावसायिक संघ द्वारा पिछले कई वर्षों से गर्मी के दिनों में प्यासे राहगीरों को पानी पिलाने हेतु प्यायु लगाया जा रहा है। जैन ने बताया कि व्यावसायिक संघ द्वारा

### • प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य - मुकेश जैन

प्रति वर्ष हथुआ मार्किट के सामने गर्मी के दिनों में प्यायु लगाया जाता है। इस प्यायु में शुद्ध ठंडा पानी के साथ कुछ मीठा भी पानी पीने वालों को दिया जाता रहा है । संघ के अध्यक्ष जैन ने बताया कि गर्मी के दिनों में राहगीरों को पानी पीने के लिए काफी भटकना पड़ता है। इस प्यायु के होने से लोगों को पानी के लिए भटकना नही पड़ेगा।

संक्षिप्त समाचार

## होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने अप्रैल 2024 में बेचीं 5,41,946 युनिट्स

**पटना**। दो अंकों के विकास के साथ नए वित्तीय वर्ष की सकारात्मक शुरूआत करते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अप्रैल 2024 के लिए अपनी समग्र सेल्स की घोषणा की है। माह के दौरान कंपनी ने 45 फीसदी सालाना बढ़ोतरी करते हुए 5,41,946 युनिट्स डिस्पैच कीं। इसमें 4,81,046 युनिट्स की डोमेस्टिक बिक्री और 60,900 युनिट्स का निर्यात शामिल है। कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस माह डोमेस्टिक बिक्री में 42 फीसदी सालाना और निर्यात में 67 फीसदी की ज़बरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की है।

**अप्रैल 2024 के लिए मुख्य बिन्दु:**कॉर्पोरेटः एचएमएसआई ने सीकेडी (कम्पलीटली नॉक्ड डाउन) एक्सपोर्ट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मानेसर, गुरूग्राम (हरियाणा) स्थित अपनी ग्लोबल रिसोर्स फैक्टरी में नई आधुनिक इंजन असेम्बली लाईन का उद्घाटन किया।

**कारोबार की उपलब्धि:** एचएमएसआई ने भारत के वाइब्रेन्ट पूर्वी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की। कंपनी ने पूर्वी भारत में 8 मिलियन युनिट्स की बिक्री की उपलब्धि हासिल की है, इस क्षेत्र में बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और उत्तर-पूर्वी भारत शामिल है।

**नेटवर्क का विस्तार:** रुळवत्पकपद के उत्साह को बढ़ाते हुए एचएमएसआई ने अयोध्या (उत्तर प्रदेश), ठाणे (महाराष्ट्र) और नई दिल्ली में बिगविंग डीलरशिप्स का उद्घाटन किया। कंपनी ने देवरिया (उत्तर प्रदेश) में रैड विंग डीलरशिप का भी उद्घाटन किया।

**सड़क सुरक्षा**ः भारत में सड़क सुरक्षा जागरुकता का प्रसार करते हुए एचएमएसआई ने देश के 10 शहरों- पुणे (महाराष्ट्र), कोची (केरल), पटियाला (पंजाब), रांची (झारखण्ड), रत्नागिरी (महाराष्ट्र), ग्वालियर (मध्य प्रदेश), होसुर (तमिलनाडु), नोएडा (उत्तर प्रदेश), विजयवाड़ा (आन्ध्रप्रदेश) और नई दिल्ली में जागरुकता अभियान आयोजित किए। कंपनी ने हैदराबाद (तेलंगाना) में अपनी 9वीं सालगिरह का जश्न भी मनाया। इसके अलावा एचएमएसआई ने होण्डा मानेसर हाफ मैराथॉन 2024- रन फर रोड़ सेफ्टी के विजेता को शाईन 100 सौंपी।

**मोटरस्पोर्ट्स:** आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम के राइडर कवीन क्विंटल ने एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) के दूसरे राउण्ड की पहली रेस 11वें पॉज़िशन पर फिनिश करते हुए टीम के लिए 5 पॉइन्ट्स स्कोर किए। दूसरी रेस मौसम खराब होने की वजह से निरस्त हो गई थी।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने व्यापारी पार्टनर्स के लिए बिज़नेस सॉल्यूशंस संग्रह पेश किया

**पटना**। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपना बिज़नेस सॉल्यूशन संग्रह लॉन्च किया, जो देश में इसके व्यापारी पार्टनर्स के बैंकिंग एवं पेमेंट के अनुभव में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इस इनोवेटिव संग्रह द्वारा एक ही यूनिफाईड प्लेटफॉर्म में सुगमता से बैंकिंग और पेमेंट की क्रियाएं की जा सकेंगी, जिससे व्यापारी पार्टनर्स को बेजोड़ सुविधा और एफिशियंसी प्राप्त हो सकेगी। एयरटेल के बिज़नेस बैंकिंग संग्रह में एक विस्तृत पैकेज होगा, जो एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चालू खाते के लाभ और क्यूआर कोड द्वारा पेमेंट प्राप्त करने तथा नए लॉन्च किए गए साउंडबॉक्स द्वारा वॉईस से पेमेंट की पुष्टि प्राप्त करने के साथ ऐसा प्लान पेश करेगा, जिसमें इंश्योरेंस के कॉम्प्लिमेंट्री बेनेफिट्स प्राप्त हो सकेंगे। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी एवं सीईओ, अनुब्रत बिस्वास ने कहा, हमें बिज़नेस सॉल्यूशंस संग्रह पेश करने की खुशी है। यह एक इनोवेटिव, सबसे अलग और उपयोगी पेशकश है, जो हमारे व्यापारी पार्टनर्स की बैंकिंग और पेमेंट की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन की गई है। यह सॉल्यूशन उद्योग में सबसे विशेष है क्योंकि यह यूज़र की जरूरत पर आधारित है, गहन शोध के बाद विकसित किया गया है, और छोटे एवं मध्यम आकार के व्यापारियों को डिजिटल बैंकिंग अपनाने का प्रोत्साहन देने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इसकी शुरुआत डिजिटल इंडिया के उद्देश्य की ओर बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

## विशेष आवश्यकता वाले वच्चों में सामाजिक कौशल के विकास पर बल देना आवश्यक

### हेल्थ इंस्टिच्युट में तीन दिवसीय वैज्ञानिक-कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्रस्तुत किए वैज्ञानिक पत्र



**पटना**। विशेष आवश्यकता वाले वच्चों और व्यक्तियों में निजी-कौशल के साथ-साथ सामाजिक-कौशल के विकास पर भी बल दिया जाना चाहिए। उनमें यह भावना विकसित की जानी चाहिए कि वे किस प्रकार अपने जैसे व्यक्तियों तथा समाज के अन्य लोगों के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। सामाजिक-विकास के अभाव में किसी के निजी विकास का कोई अर्थ और मूल्य नहीं हो सकता है। इस प्रकार के विचार, भारतीय पुनर्वास परिषद के सौजन्य से, इंडियन इंस्टिच्युट औफ़ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च, बेउर में, शुक्रवार को आरंभ हुए, तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। "विशेष बच्चों में निजी और सामाजिक कौशल विकास" विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में अपना विज्ञानिक पत्र प्रस्तुत करती हुई 'आर्मी आशा स्पेशल स्कूल' की प्राचार्या और विशेष शिक्षिका कल्पना झा ने कहा कि विशेष बच्चों को सक्षम बनाने और उनमें कौशल विकास के लिए हमें विशेष चेष्टा करनी चाहिए। विशेष आवश्यकता वाले लोगों के साथ हमारा व्यवहार सद्भावपूर्ण और सहयोगात्मक होना चाहिए। सुप्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक डा नीरज कुमार वेदपुरिया ने कहा कि हर व्यक्ति को, अपना जीवन जीने के लिए कुछ मूलभूत आवश्यकता होती है। उन्हीं में कुछ मनोवैज्ञानिक बिंदु भी होते हैं। व्यक्ति की मानसिक अवस्था का उसके कार्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। एक प्रसन्न व्यक्ति किसी भी कार्य को निपुणता से करता है। सामाजिक सहयोग उसे बल प्रदान करते हैं। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए, संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कहा कि, आज के युवाओं को यह समझना होगा कि केवल निजी विकास की कामना स्थायी लाभ नही दे सकती। सामाजिक विकास के अभाव में किसी व्यक्ति या कुछ व्यक्तियों के विकास से किसी का हित नहीं हो सकता। ताड़ और खजूर जैसे वृक्षों को सामाजिक मूल्य नहीं मिलते। निजी जीवन में सफल वही व्यक्ति सम्मान पाता है, जो समाज के लिए कल्याणकारी हो। वरिष्ठ औडियोलौजिस्ट डा ज्ञानेन्दु कुमार तथा कार्यशाला के समन्वयक प्रो कपिल मुनि दूबे ने भी अपने वैज्ञानिक-पत्र प्रस्तुत किए। मंच का संचालन प्रो मधुमाला ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रो जया कुमारी ने किया। इस अवसर पर, प्रो संजीत कुमार, प्रो देवराज, डा आदित्य ओझा, विशेष शिक्षक रजनीकान्त समेत, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड आदि राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी 'पुनर्वास-विशेषज्ञ' एवं संस्थान के छात्रगण उपस्थित थे।

# टीबीओ टेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 08 मई, 2024 को खुलेगा

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। टीबीओ टेक लिमिटेड ("कंपनी" या "टीबीओ"), बुधवार, 08 मई, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए बोलियाँ खोलेगी। यह पेशकश शुक्रवार 10 मई, 2024 को बंद हो जाएगी। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार 07 मई, 2024 होगी। प्रस्ताव का प्राइस बैंड 875 से 920 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 16 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 16 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं ("मूल्य बैंड")। इस ऑफर में कुल 4,000.00 मिलियन [ 400.00 करोड़] मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (''नया निर्गम'') और कुछ शेयरधारकों द्वारा 12,508,797 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (''बिक्री के लिए प्रस्ताव'', और नए निर्गम के साथ, ''प्रस्ताव'') (''कुल प्रस्ताव आकार'') शामिल है। कंपनी प्रस्ताव के नए निर्गम हिस्से की शुद्ध आय का उपयोग (i) नए खरीदारों (नीचे परिभाषित) और आपूर्तिकर्ताओं को जोड़कर अपने प्लेटफॉर्म के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें शामिल होंगे (ए) कंपनी द्वारा टेक्नालोजी और डेटा सोल्युशंस में निवेश के लिए 1,350.00 मिलियन [ 135 करोड़], (बी) विपणन और प्रचार गतिविधियों के माध्यम से प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को शामिल करने और भारत के बाहर स्थित आपूर्तिकर्ता और खरीदारों को बढ़ाने के लिए बिक्री और अनुबंध कर्मियों को काम पर रखने के लिए अपनी सामग्री सहायक कंपनी, टेक ट्रैवल्स डीएमसीसी में निवेश के लिए 1,000.00 मिलियन [ 100 करोड़], (सी) भारत में संगठन की विकास योजनाओं का समर्थन करने के लिए बिक्री, विपणन और बुनियादी ढांचे में 250.00 मिलियन [ 25 करोड़] का निवेश; और (ii) अज्ञात इनओर्गेनिक अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए 400.00 मिलियन [ 40.00 करोड़] की राशि। ("प्रस्ताव के उद्देश्य") ऑफर फॉर सेल में गौरव भटनागर द्वारा 2,033,944 इक्विटी शेयर, मनीष ढींगरा द्वारा 572,056 इक्विटी शेयर, एलएपी ट्रैवल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2,606,000 इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से "प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक" के रूप में संदर्भित); टीबीओ कोरिया होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा 2,637,040 इक्विटी शेयर और ऑगस्टा टीबीओ (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 4,659,757 इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से "निवेशक विक्रय शेयरधारक" के रूप में संदर्भित) शामिल हैं। (प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक और निवेशक विक्रय शेयरधारक, सामूहिक रूप से "विक्रय शेयरधारक" के रूप में संदर्भित हैं)। प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए 30 मिलियन [ 3 करोड़] तक का आरक्षण शामिल है ("कर्मचारी आरक्षण भाग")। इक्विटी शेयरों की पेशकश 28 अप्रैल, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस" या "आरएचपी") के माध्यम से की जा रही है, जिसे रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, दिल्ली और हरियाणा, नई दिल्ली ("आरओसी") के पास दाखिल किया गया है। 31 दिसंबर, 2023 तक टीबीओ प्लेटफॉर्म 100 से अधिक देशों में 159,000 से अधिक खरीदारों को 1 मिलियन से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से जोड़ता है। टीबीओ विदेशी मुद्रा सहायता के साथ-साथ कई तरह की मुद्राओं का समर्थन करता है (स्रोतः 1लैटिस रिपोर्ट)।

टीबीओ होटल, एयरलाइंस, कार रेंटल, ट्रांसफर, क्रूज, बीमा, रेल और अन्य (सामूहिक रूप से, "आपूर्तिकर्ता") जैसे आपूर्तिकर्ताओं और ट्रैवल एजेंसियों और स्वतंत्र ट्रैवल सलाहकारों ("रिटेल खरीदार") जैसे खुदरा खरीदारों के लिए यात्रा के व्यवसाय को सरल बनाता है; और उद्यम खरीदार जिनमें टूर ऑपरेटर, ट्रैवल मैनेजमेंट कंपनियां, ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियां, सुपर-ऐप और लॉयल्टी ऐप (रिटेल खरीदारों के साथ, "खरीदार") शामिल हैं, उनके दो-तरफा प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों को एक-दूसरे के साथ सहजता से लेन-देन करने में सक्षम बनाता है। टीबीओ का प्लेटफ़ॉर्म आपूर्तिकर्ताओं के बड़े आधार को बड़े और खंडित वैश्विक खरीदार आधार के लिए इन्वेंट्री प्रदर्शित करने और विपणन करने और उनके लिए कीमतें निर्धारित करने की अनुमति देता है। खरीदारों के लिए, प्लेटफ़ॉर्म एक एकीकृत, मल्टी करेंसी और बहुभाषी वन-स्टॉप समाधान है जो उन्हें अवकाश, कॉर्पोरेट और धार्मिक यात्रा जैसे विभिन्न यात्रा सेगमेंट में दुनिया भर के गंतव्यों के लिए यात्रा खोजने और बुक करने में मदद करता है। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड ऑफ़र के बुक रनिंग लीड मैनेजर ("बीआरएलएम") हैं।

## "नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन के लिए वैश्विक सहयोग" विषय पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने जकार्ता फ्यूचर्स फोरम को किया संबोधित

नई सोच एक्सप्रेस




**जकार्ता**। ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए भारत और बिहार दोनों में की गई पहलों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के प्रयास में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार की सचिव बंदना प्रेयषी ने शुक्रवार 03 मई को इंडोनेशिया में प्रतिष्ठित जकार्ता फ्यूचर्स फोरम को संबोधित किया। उन्होंने उपरोक्त विषय के संदर्भ में महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान आकर्षित कराया और कहा कि भारत की नवंबर 2021 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से अपनी बिजली उत्पादन क्षमता का 40% तक पहुंच और बिहार राज्य के लिए 'जलवायु लचीला और न्यून कार्बन विकास मार्ग' के विकास का नेतृत्व सराहनीय रहा है। बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (BIMSTEC) के लिए बंगाल की खाड़ी पहल के महासचिव इंद्र मणि पांडे, लिस्टियानी डेवी, नई नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण के महानिदेशक, ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय, इंडोनेशिया और प्रोफेसर एनिया सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं के साथ 'न्यायसंगत और समावेशी ऊर्जा परिवर्तन की सुविधा के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग' नामक एक पैनल डिस्कशन में भाग लेते हुए बंदना प्रेयषी ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने में वैश्विक सहयोग की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित किया। नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की दिशा में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, बंदना प्रेयषी ने कहा, "भारत ने गैर-जीवाश्म ईंधन से अपनी बिजली क्षमता का 40% हासिल करके कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र के कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP) 21 - पेरिस शिखर सम्मेलन में की गई अपनी प्रतिबद्धता को पार कर लिया है।" देश नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता (बड़ी पनबिजली सहित) में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है, पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर है और सौर ऊर्जा क्षमता में पांचवें स्थान पर है (आरईएन21 नवीकरणीय 2023 वैश्विक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार)।उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत के सक्रिय कदमों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50% संचयी विद्युत स्थापित क्षमता, 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने की प्रतिबद्धता शामिल है। अगले पांच वर्षों के लिए सालाना 50 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने, 250 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ने और 2030 तक 500 गीगावॉट स्थापित क्षमता सुनिश्चित करने की योजना है। बिहार की जलवायु कार्रवाई और ऊर्जा परिवर्तन पहल के बारे में, बंदना प्रेयषी ने कहा, "बिहार ने राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप जलवायु परिवर्तन को कम करने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिसमे जल जीवन हरियाली मिशन जैसे प्रमुख हैं, जिसका उद्देश्य जल निकायों को पुनर्जीवित करना है। राज्य में जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए बिहार नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (BREDA) एक अद्यतन नवीकरणीय ऊर्जा नीति-2024 विकसित कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि "बिहार देश का पहला राज्य है जिसने राज्य के लिए 'Climate Resilient and Low Carbon Development Pathway' विकसित किया है। जलवायु लचीलेपन और निम्न कार्बन विकास मार्गों पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के साथ हमारा सहयोग सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य सरकार जलवायु परिवर्तन पर विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने के कगार पर है, जो राज्य में उचित ऊर्जा परिवर्तन शामिल है।" अंत में बंदना प्रेयषी ने राष्ट्रों से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ढांचे को मजबूत करने, विकासशील देशों से समन्वय बनाने और सभी से इसे सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## जहानाबाद जिला का जेल मौत का कुंआ बना

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। मंडल कारा ,काको में कई वर्षों से बंद विचाराधीन कैदी सुलेमानपुर निवासी रंजीत दास की मृत्यु जेल प्रशासन के लापरवाही और गरीब विरोधी मानसिकता के कारण इलाज के अभाव में हो गया। जेल एवं जिला प्रशासन ने रंजीत दास के परिजनों को बीमार होने की सूचना न तो कभी दिया और ना ठीक से इलाज कराया। रंजीत दास के निधन पर घोसी विधायक कामरेड रामबली सिंह यादव, सी.पी.आई(एम.एल) नेता श्रीनिवास शर्मा, भाकपा माले काको प्रखंड सचिव विनोद कुमार भारती, कामरेड मुकेश पासवान आदि नेताओं ने रोष व्यक्त करते हुए जेल प्रशासन पर कार्रवाई की मांग की है। नेताओं ने सदर अस्पताल जाकर पीड़ित परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया और न्याय के लिए संघर्ष का आश्वासन भी दिया। नेताओं ने कहा कि नीतीश राज में जेल गरीबों ,कमजोर वर्ग के लोगों से भरा जा रहा है। पैसा के अभाव में उन्हें लंबे समय तक जेल में रहना पड़ता है। गंभीर केस में गरीबों को जमानत मिलना लगभग असंभव हो जाता है जबकि पैसा, पैरवी और सत्ता में पहुंच वाले लोगों के लिए गंभीर से गंभीरतम अपराध करने के बावजूद झटपट बेल हो जाता है। जहानाबाद के मंडल कारा में विगत वर्ष भी हुलासगंज के दुर्गापुर निवासी फुलवंती कुमारी जो अपने मां के साथ जेल गई थी। पुलिस द्वारा मां की पिटाई के क्रम में दूधमुंही बच्ची को भी चोट आई और जेल में इलाज के अभाव में तीन दिन बाद उसे बच्ची की मृत्यु हो गई थी। जेल में जाने के बाद उचित इलाज और देखरेख नहीं होता है। न्यायालय और जिला प्रशासन को इस पर सख्त संज्ञान लेना चाहिए। नेताओं ने मंडल कार में बंद विचाराधीन कैदी रंजीत दास की मृत्यु के जिम्मेवार जेल प्रशासन पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिजनों को 10 लाख रुपया बतौर मुआवजा देने की मांग की है।

## वाल्मिकी नगर से एन डी ए गठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी सुनिल कुमार ने भरा पर्चा



नई सोच एक्सप्रेस

**बेतिया**। दोपहर 01 बजे दिन में नरकटियागंज से बगहा, लौरिया होते हुए बेतिया के मनुआपुल आये जहा सिता राजगढ़िया के फार्म हाउस में जन सभा का आयोजन किया गया था जहां प्रदेश के कद्दावर नेता के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,विजय सिन्हा चिराग पासवान श्रवन कुमार आये थे और यहां से फिर बेतिया स्माहरणालय परिसर में नमिनेशन दाखिल करने के लिए निकले जहां गाजे बाजे के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे दाखिल करने के बाद प्रेस वार्ता किये जिसमें कहे कि इस बार जनता मन बना लिया है मुख्यमंत्री नितीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों और दुरगामी सोच को ध्यान में रखते हुए जनता इस बार फिर हमको मौका देरी है और पुरे बिहार में हम चालिसे में चालिस सिट जितने जा रहे हैं और से बेतिया, मोतिहारी, बाल्मिकी नगर लोकसभा एन डी ए गठबंधन को मिल रहा है।

# जिलाधिकारी ने आपूर्ति टास्क फोर्स की मासिक बैठक की

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में आपूर्ति टास्क फोर्स की मासिक बैठक में आपूर्ति विषयों से संबंधित अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बिन्दुवार समीक्षा की गई, जिसमें सर्वप्रथम खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिलान्तर्गत माह अप्रैल, 2024 का खाद्यान्न वितरण 91.89 प्रतिशत पाया गया तथा प्रखण्ड घोषी का वितरण अन्य प्रखण्डों की अपेक्षा कम है। इस हेतु निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण के लिए सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया। इस बैठक में विभागीय निर्देश के आलोक में विभाग से प्राप्त प्रवासी श्रमिकों की सूची का शत-प्रतिशत सत्यापन कर पात्र श्रमिकों का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत राशन कार्ड निर्गत करने हेतु निदेशित किया गया है। इस बैठक में आधार सीडिंग की समीक्षा भी की गई, जिसमें पाया गया कि अभी जहानाबाद जिलान्तर्गत आधार सीडिंग 96.71 प्रतिशत हुआ है, जिसे शत-प्रतिशत करने हेतु उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को कार्य का लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में खाद्यान्न उठाव/वितरण में पारदर्शिता लाने एवं कालाबाजारी को रोकने हेतु ज्यादा से ज्यादा निरीक्षण एवं छापेमारी करने का निदेश दिया गया। विभागीय निर्देशानुसार जन वितरण प्रणाली की दुकानों का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करने का उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, अनुंमडल पदाधिकारी एवं सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी शामिल थे।

## पोको ने मई सेल के लिए स्मार्टफोंस पर आकर्षक डील्स पेश की

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। भारत में सबसे तेजी से विकसित होते हुए कंज़्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने मई सेल के लिए अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोंस पर आकर्षक डील्स पेश की हैं, जो 1 मई से 10 मई तक केवल फ्लिपकार्ट और एमेज़ॉन पर उपलब्ध होंगी। इस सेल में ग्राहक अपने पसंदीदा उत्पाद आकर्षक ऑफरों के साथ शानदार मूल्य में खरीद सकेंगे। सेल के दौरान पोको स्मार्टफोंस के पोको एक्स 6 प्रो, पोको एक्स 6,पोको एक्स 6 नियो, पोको एम 6 प्रो 5जी, पोको एम 6 5जी, पोको सी 65, पोको सी 61 पर आकर्षक ऑफर मिल रहे हैं।

## कई आपराधिक मामलों का अभियुक्त गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। टेहटा थानान्तर्गत ठिकरौल गाँव निवासी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला के कई थानों में वांछित भुलेटन उर्फ गिरिजेश यादव किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए टेहटा के तरफ से जा रहा है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जहानाबाद पुलिस द्वारा टीम तैयार कर गिरफ्तारी हेतु भेजा गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के कम में जहानाबाद नगर थाना, परसबिगहा थाना तथा टेहटा थाना के कई कांडों में संलिप्त होने की बात बतायी गयी है। इस प्रकार मुलेटन उर्फ गिरिजेश यादव कि गिरफ्तारी को पुलिस की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बतायी जा रही है।

## आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मर्यादा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं।

## आर्थिक क्षेत्र में नित नए विश्व रिकार्ड बनाता भारत



आरती कुमारी

दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। आज भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक मंच पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। वैश्विक स्तर पर विदेशी प्रेषण के मामले में आज भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत में आज सबसे बड़ा सिंक्रोनाईजड बिजली ग्रिड है। बैंकिंग क्षेत्र में वास्तविक समय लेनदेन की सबसे बड़ी संख्या आज भारत में ही सम्पन्न हो रही है। भारत आज विश्व में दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है एवं भारत आज पूरे विश्व में मोबाइल फोन का निर्माण करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। भारत में आज विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेट्वर्क है। मात्रा की दृष्टि से भारत में आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मासीयूटिकल उद्योग है। भारत में आज पूरे विश्व में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेट्वर्क है। भारत ने स्टार्टअप को विकसित करने के उद्देश्य से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र खड़ा कर लिया है। भारत का स्टॉक बाजार, पूंजीकरण के मामले में, विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। भारत में आज विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेट्वर्क है। विश्व में पैटेंट हेतु आवेदन किए जाने वाले देशों में भारत आज छठे स्थान पर आ गया है। आर्थिक क्षेत्र में भारत को यह सभी उपलब्धियां पिछले 10 वर्षों के दौरान प्राप्त हुई हैं। पिछले केवल 10 वर्षों के दौरान शेयर बाजार में निवेशकों को अपार सफलता हासिल हुई है और सेन्सेक्स ने 200 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है, इसी प्रकार निफ्टी भी इसी अवधि में 206 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज करने में सफल रहा है। यह स्थानीय एवं विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपना विश्वास जता रहा है। भारत में शेयर बाजार में व्यवहार करने के उद्देश्य से खोले जाने वाले डीमेट खातों की संख्या वर्ष 2014 में 2.2 करोड़ थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर 15.13 करोड़ हो गई है अर्थात इन 10 वर्षों में 7 गुणा से अधिक की वृद्धि दर अर्जित की गई है। देश का प्रत्येक उद्यमी/उपक्रमी/व्यवसायी बहुत उत्साह में है कि देश में व्यापार करने हेतु वातावरण में बहुत सुधार हुआ है एवं ईज आफ डूइंग बिजनेस में काफी सुधार हुआ है। आज भारत ही नहीं बल्कि भारतीय कम्पनियों द्वारा विदेश में भी पूंजी उगाहना बहुत आसान हो गया है। अतः एक प्रकार से उद्यमियों के लिए पूंजी की समस्या तो नहीं के बराबर रह गई है। भारतीय नागरिकों में आज स्व का भाव जगाने में भी कामयाबी मिली है, जिसके चलते स्वदेश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ रहा है एवं अन्य देशों से विभिन्न उत्पादों के आयात कम हो रहे हैं। इसके चलते भारत के विदेशी व्यापार घाटे में सुधार दृष्टिगोचर है। आज भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज हो रही है तो कई उत्पादों के आयात में कमी दिखाई देने लगी है। इसे भारतीय नागरिकों के आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम के रूप में देखा जा सकता है। फरवरी 2024 माह में भारत का व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, जो पिछले 20 महीनों में उच्चतम स्तर पर है। इसके अतिरिक्त, सेवा निर्यात 3210 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। फरवरी 2024 माह में माल एवं सेवाओं को मिलाकर कुल निर्यात 7355 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो फरवर 2023 की तुलना में 14.2 प्रतिशत अधिक है। इसी कारण से, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी आज 64,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। आज भारतीय नागरिकों ने सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत को विकसित एवं मजबूत बनाने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा लिए हैं। आज भारत में प्रत्येक नागरिक का औसत जीवन वर्ष 2022 के 62.7 वर्ष से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गया है। यह भारत में लगातार हो रही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के चलते ही सम्भव हो सका है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में पिछले 12 महीनों के दौरान 6.3 प्रतिशत की वृद्ध दर्ज हुई है। इसी प्रकार, एक सर्वे के अनुसार, आज भारत में 36 प्रतिशत कम्पनियां आगामी 3 माह में नई भर्तियां करने पर गम्भीरता से विचार कर रही हैं, इससे भारत में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होते दिखाई दे रहे हैं। गरीब वर्ग को भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बढ़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। पूरे भारत में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं। अंत में यह कहा जा सकता है कि भारत आर्थिक क्षेत्र में आज पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रहा है एवं अपनी विकास दर को 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाने के भरसक प्रयास कर रहा है। इससे निश्चित ही भारत शीघ्र ही पहिले विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं इसके बाद वर्ष 2027 तक भारत एक विकसित राष्ट्र भी बन जाएगा।

## 'वोट जिहाद' के बाद चुनाव में 'पाकिस्तान' की एंट्री पर बवाल

अशोक भाटिया

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता और पूर्व विदेशमंत्री सलमान ख़ुर्शीद की भतीजी मारिया के वोट जिहाद वाले बयान को लेकर सियासत तेज हो गई । कन्नौज लोकसभा सीट सेभाजपा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने इस बयान पर पलटवार किया । उन्होंने कहा कि "इंडिया गठबंधन भारत को पाकिस्तान जैसा बनाना चाहता है, जीत के हथियारों से जिहाद करेंगी।बीजेपी सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अभी तक लव जिहाद, रेड जिहाद सुना था आज इन्होंने बता दिया कि वोटों का भी जिहाद करेंगे। सरकार में आ जाएंगे तो हथियारों से जेहाद करेंगे, इनका लक्ष्य ही यही है कि हिंदुस्तान में शरिया का कानून लागू करना। भारत को इस्लामिक राज्य बनाना और पाकिस्तान जैसा भ्रष्टाचारी आतंकवादी राष्ट्र बनाकर कई टुकड़े करवा देना। अभी इस बात पर वाद विवाद चल ही रहा था कि पाकिस्तान की भी इन चुनाओं में एंट्री हो गई । ऐसा लगता है कि मोदी की हेट्रिक लगाती देख कर पाकिस्तान को अभी से चिंता सताने लगी है। पाकिस्तान के नेता घबराहट में भारत के चुनाव पर टिप्पणी कर रहे हैं। इमरान खान सरकार में सूचना मंत्री रहे फवाद चौधरी ने ऐसा बयान दिया है, जो चुनावी मैदान में बहस का मुद्दा बन गया है। इसे लेकरभाजपा नेता कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साध रहे हैं। आइए समझते हैं कि आखिर पाकिस्तान को भारत के नतीजों को लेकर इतनी दिलचस्पी क्यों है? भारत के चुनाव में पाकिस्तान की एंट्री तो पहले ही हो चुकी थी। गुरुवार को बात मजबूत सरकार और कमजोर सरकार पर आ गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के आणंद मेंभाजपा की रैली को संबोधित करते हुए फवाद चौधरी के उस बयान पर रिएक्ट किया, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ की थी। मोदी ने कहा, "पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है। देश के दुश्मनों को आज भारत में मजबूत सरकार नहीं चाहिए। उनको कमजोर सरकार चाहिए।।।ऐसी कमजोर सरकार जो मुंबई में आतंकी हमले के समय थी। डोजियर भेजने वाली सरकार। दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले द गार्जियन की एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें कहा गया था कि भारत की विदेशी खूफिया एजेंसी 2019 के कथित तौर पर विदेशों में हत्याएं करना शुरू किया है। पुलवामा हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान में 20 एक्ट्रा जुडिशियल हत्याएं करवाईं है। उस समय इस पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे झूठा करार दिया था, लेकिन अंदर ही अंदर पीएम मोदी, राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं के में लड्डू फूट रहे थे। क्योंकि ये उनके फेवर की बात थी कि जिस डोजियर को कांग्रेस सौंपती थी, उसमें से ही ये लोग है जिन्हें मारा गया है। हालांकि मेरे पास इसका कोई स्टेटमेंट नहीं है। इसके अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से एक साक्षात्कार में पूछा गया था कि गार्जियन ने भारत पर 20 लोगों के मारने का आरोप लगाया है। इसे आप कैसे देखते हैं? अमित शाह ने जवाब में कहा था कि आप खुश हो कि नहीं हो। उन्होंने इससे इनकार भी नहीं किया था। कुल मिलाकर आज फिर चुनाव में पाकिस्तान लौट आया। 2019 का चुनावभाजपा पाकिस्तान पर किए गए स्ट्राइक के दम जीत गई थी। आने वाले दिनों में यह देखने वाली बात होगी कि किस-किस तरह से पाकिस्तान हमारे चुनाव गेस्ट अपीरियंस के रूप में आती है। बताया जाता है कि पाकिस्तान के बड़बोले नेता, पूर्व मंत्री और इमरान खान के करीबी फवाद चौधरी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो को री-पोस्ट किया था। ये वीडियो राहुल गांधी की रैली का था। इसमें वो पीएम मोदी पर निशाना साध रहे थे। फवाद चौधरी ने वीडियो को री-पोस्ट करते हुए कमेंट लिखा, पड़ोसी मुल्क से निकला वाला बयान सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह फैल गया। दिन चढ़ते-चढ़ते आग गुजरात की रैली तक पहुंच गई थी।पीएम मोदी ने आणंद की रैली में कांग्रेस और पाकिस्तान पर तंज कसे। उन्होंने कहा, "संयोग देखिए।।। आज जब भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर भी कांग्रेस को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। यहां कांग्रेस मर रही है, वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। एक RTI के जवाब में मिले गृह मंत्रालय के आंकड़े के मुताबिक, 2004 से 2013 के बीच देश में 9,321 आतंकी घटनाएं हुईं। इनमें 4005 आतंकी मारे गए। जबकि 2014 से 2022 के बीच 2132 आतंकी घटनाएं हुईं। इनमें 1538 आतंकी मारे गए थे। इस बीच एक सवाल ये भी उठता है कि पाकिस्तान में सत्ता की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके फवाद चौधरी भारत में कांग्रेस के तरफदार क्यों बन रहे हैं? कहीं ये कांग्रेस के समर्थन से ज्यादाभाजपा से घबराहट को तो नहीं दिखाता है? क्या पाकिस्तान को भी 4 जून यानी भारत में हो रहे लोकसभा इलेक्शन के रिजल्ट का इंतजार है? पाकिस्तान के साथ दिक्कत ये है कि वहां के नेताओं के पास इस वक्त कोई मुद्दा नहीं है। घर के अंदर और घर के बाहर पाकिस्तान हर मोर्चे पर जिस तरह से घिरा हुआ है, आज के पहले उसकी कभी इतनी बुरी हालत नहीं थी। चुनाव के बाद भी वहां राजनीतिक स्थिरता बहाल नहीं हो पाई है। पाकिस्तान खुद को हारा हुआ महसूस कर रहा है।जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के अध्यक्ष मौलाना फ़ज़्लुर्रहमान कहते हैं, "हिंदुस्तान और हम एक ही दिन आजाद हुए।15 अगस्त 1947 को सुबह 8 बजे। आज वो दुनिया की सुपरपावर बनने के ख्वाब देख रहा है। हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? मौजूदा हालत को देखकर पाकिस्तान की आवाम का भी सब्र टूट रहा। सना अमज़द कहती हैं, "हमारा पॉलिटिकल निजाम नाकाम है। हम ना तीतर हैं ना बटेर। स्टेट पॉलिसी है ही नहीं।" खैज़र नाम के शख्स का पाकिस्तानी हुकूमत से सवाल है, "इंडिया आपसे आगे निकल रहा है। इजरायल आगे है। आप इस्लामी ब्लॉक बनाने जा रहे थे। क्या हुआ?" मौलाना फ़ज़्लुर्रहमान कहते हैं, "पाकिस्तान की अवाम जब भारत की ओर देखती है, तो अपनी सरकार को कठघरे में खड़ा करना उसकी मजबूरी हो जाती है। ये मजबूरी।।।फिलहाल और ज्यादा बढ़ गई है। क्योंकि चुनाव के मैदान में लगातार पाकिस्तान की आतंकी छवि का जिक्र बना हुआ है। पाकिस्तान इस समय एक साथ कई मोर्चों पर जूझ रहा है। भारत में घुसपैठ कराना अब उसके लिए आसान नहीं रहा। अलग-अलग ग्लोबल मंच पर भारत पहले ही पाकिस्तान को अलग-थलग कर चुका है। अफगानिस्तान से सटे बॉर्डर पर भी तालिबान उसे बार-बार आंख दिखा देता है। बलूचिस्तान में क्रांति की लपटें अलग उठ रही हैं। PoK भी बार-बार इस्लामबाद को धमकी दे रहा है। इन सबके बीच पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली उसे खोखला किए जा रही है। जाहिर है पाकिस्तान को खुद में बदलाव लाने की जरूरत है, क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत की पॉलिसी तो अटल है। पाकिस्तान के जिस नेता ने राहुल गांधी की तारीफ की है। वो भारत विरोधी ज़हरीले बयानों के लिए भी कुख्यात हैं। ये वही फवाद चौधरी हैं, जिन्होंने पाकिस्तान की संसद में सीना चौड़ा करके कबूल किया था कि पुलवामा के पाप को पाकिस्तान ने ही अंजाम दिया है। पाकिस्तान को भारत से कितना डर लगता है? खुद पाकिस्तान की संसद में इस बात की गवाही दी गई। पाकिस्तान के एक सांसद ने बताया कि उसके विदेश मंत्री को डर था कि कहीं भारत हमला ना कर दे। लेकिन पाकिस्तान की इसी संसद में कुछ साल पहले एक और वाकया हुआ। पड़ोसी मुल्क ने खुलेआम ये स्वीकार किया कि पुलवामा में जो आतंकी हमला हुआ, वो पाकिस्तान ने ही कराया था।फवाद चौधरी ने संसद में कबूल किया था, "हमने हिंदुस्तान को घुसके मारा है। पुलवामा में जो हमारी कामयाबी है।इस कौम की कामयाबी है। उसके हिस्सेदार हम सब हैं।"जाहिर है पुलवामा हमले को पाकिस्तान का गौरव बताने वाले फवाद चौधरी अगर राहुल गांधी की तारीफ करेंगे, तो कांग्रेस के विरोधी इसे कैसे जाने देंगे। वो भी तब, जबकि मौसम चुनावी है।

## राजनीति में छिपे सियार की कलंक कथा है कर्नाटक का रेवन्ना सैक्स कांड!

मनोज कुमार अग्रवाल

कर्नाटक का एक ऐसा टेप कांड जिसने न सिर्फ पूरे देश को हिला कर रख दिया है वरन राजनीतिक नेताओं के आवरण में छिपे ऐसे शातिर चरित्र को उजागर किया है जिसने भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसा कलंकित दाग लगा दिया है जिसे मिटाना और भुलाना मुश्किल होगा। अभी तक सिर्फ संत के भेष में छिपे आशाराम राम रहीम जैसे लोगों के कुत्सित चरित्र उजागर हुए थे राजनीतिक नेताओं में भी अमरमणी त्रिपाठी तंदूर कांड वाले सुशील शर्मा साक्षी महाराज कुलदीप सैंगर समेत कई नेताओं पर बलात्कार हत्या जैसे संगीन मामलों में आरोपी बन चुके हैं लेकिन मौजूदा मामले में रेवन्ना की कथित पेन ड्राइव जो बयान कर रही है वह राजनीति में छिपे एक बेहद अययाश व अनगिनत महिलाओं के साथ यौन बर्बरता भरी दरिंदगी करने वाले ऐसे राजनीतिक की कलंक कथा का संकेत है जो लम्बे समय तक शर्मसार करती रहेगी हालांकि अभी इस हाइप्रोफाइल प्रकरण की जांच होने पर स्थिति और साफ सामने आएगी। ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और हासन सीट से सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना पर गंभीर आरोप लगे हैं। रेवन्ना पर अपने घर में अनगिनत लड़कियों के साथ यौन शोषण करने, उनका अश्लील वीडियो बना कर उन्हें डराने-धमकाने का सनसनीखेज आरोप है। कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्यूलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए रविवार को एक विशेष जांच दल गठित किया।कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को एक पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया। रेवन्ना (33) हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद (एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय कुमार सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की पुलिस अधीक्षक सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है।प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में वायरल किया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी गठित करने की घोषणा की थी। उन्होंने शनिवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो मामले में एक विशेष जांच दल गठित करने का फैसला किया है।मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पुलिस के पास यह सूचना है कि विधायक एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल देश छोड़कर चले गए हैं। प्रज्वल ने अपने चुनाव एजेंट के जरिए अधिकारियों के समक्ष यह शिकायत दायर की कि वीडियो में छेड़छाड़ की गई है और चुनाव से पहले उनकी छवि धूमिल करने के लिए इसका प्रसार किया जा रहा है। गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने कहा, प्रज्वल के विदेश चले जाने के मामले में एसआईटी उन्हें वापस लाने और जांच जारी रखने के लिए जिम्मेदार होगी। हम एसआईटी से नहीं कहेंगे कि जांच कैसे करनी है।कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, हमारा सिर शर्म से झुक गया है। शिवकुमार, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा, मैंने मीडिया में देखा कि वह 'भाग' गए हैं। यह एक अक्षम्य अपराध है। यह शर्म का विषय है। वह एक सांसद हैं और पूर्व प्रधानमंत्री के पोते हैं। एसआईटी पर सरकार के आदेश में कहा गया है कि यौन अपराध को अंजाम देने वालों, इसका वीडियो बनाने वाले और फिर इसे सार्वजनिक करने वाले लोगों को जांच के दायरे में शामिल किया जाए।

आपको बता दें कि इस मामले में 200 अश्लील क्लिप्स वायरल हुई हैं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। जबकि कुल 2976 से ज्यादा सेक्स क्लिप्स होने की बात सामने आ रही है। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुईं रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। प्रज्वल अपने रसोईये की बेटी से भी आपत्तिजनक बातें और छेड़छाड़ करता था। जिस लिहाज से इस केस में अश्लील फोटो और वीडियो वायरल होने की खबर है, उस हिसाब से इसे भारत का अब तक का सबसे सबसे बड़ा सैक्स कांड कहा जा रहा है।आपको बता दें कि इस पूरे सेक्स कांड में प्रज्वल का एक पुराना ड्राइवर कार्तिक मीडिया के सामने आया है। कार्तिक वही है, जिसने प्रज्वल के फोन से अश्लील क्लिप्स को कॉपी किया था। कार्तिक ने 17 साल तक प्रज्वल के पास ड्राइवर की नौकरी की। पिछले साल जमीन से जुड़े एक मामले में दोनों के बीच विवाद हुआ और कार्तिक ने नौकरी छोड़ दी। कार्तिक का कहना है कि प्रज्वल और उसके परिवार ने उसकी जमीन को जबरन हथिया लिया और सवाल पूछे जाने पर उसको और उसकी पत्नी को प्रताड़ित किया।प्रज्वल के खिलाफ केस करने के लिए ड्राइवर कार्तिक ने कर्नाटक बीजेपी नेता देवराजे गौड़ा से संपर्क किया। देवराजे गौड़ा हासन में रेवन्ना परिवार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले नेता थे और पेशे से वकील हैं। 2023 में गौड़ा ने रेवन्ना के खिलाफ भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ा है। जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रज्वल रेवन्ना को इस बात की भनक लगी तो उन्होंने कोर्ट से उनके खिलाफ किसी भी तरह के अश्लील वीडियो या फोटो को प्रसारित करने पर स्टे ले लिया। कार्तिक के मुताबिक, देवराजे गौड़ा ने कोर्ट ऑर्डर के मद्देनजर अश्लील क्लिप की एक कॉपी देने को कहा, जिससे उसे सीधे जज को देकर स्टे वेकेट किया जा सके। प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना ने कहा कि मैं नहीं जानता ये कैसी साजिश रची गई है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो आसानी से डर कर भाग जाऊं। उन्होंने जो वीडियो रिलीज किए हैं, वे 4-5 साल पुराने हैं। हालांकि मामले में रेवन्ना को जांच पूरी होने तक पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है।रेवन्ना पर पूरा मामला रेवन्ना के घर पर काम करने वाली हाउस हेल्प की एफआईआर से सामने आया। महिला ने एचडी रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 354 (A) यौन शोषण, 354(D) पीछा करना, 506 धमकाना और 509 बोलकर या इशारों से महिलाकी गरिमा का अपमान करना के तहत केस दर्ज किया लेकिन एसआइटी ने शुरुआती जांच के बाद विधायक पिता व पुत्र के खिलाफ अपहरण और बलात्कार का केस धारा 376(2)(n) (बार-बार बलात्कार करना), 506 (आपराधिक धमकी), 354a(1)(ii) (सेक्स की डिमांड करना), 354(b) (किसी महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर हमला या बल प्रयोग करना), 354(c) (नंगी या अर्ध-नग्न तस्वीरें अपलोड करना) आइटी एक्ट को जोड़ा गया है। प्रज्वल रेवन्ना के वायरल वीडियो को लेकर जेडीएस और भाजपा के बीच राजनीतिक तनातनी है। सेक्स टेप विवाद के बाद भाजपा ने उनसे दूरी बना ली है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पोते पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं। उन के पिता पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक हैं। प्रज्वल रेवन्ना ने 2014 में बैंगलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री ली थी। उसके बाद से वह राजनीति में सक्रिय हो गए। नवंबर 2019 में जब प्रज्वल रेवन्ना 29 साल के थे उन्हें जेडीएस का राज्य महासचिव नियुक्त किया गया था। इस सारे प्रकरण को लेकर भाजपा भी काफी असहज महसूस कर रही है क्योंकि रेवन्ना के साथ चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंच साझा कर रहे थे। सारे प्रकरण ने भाजपा हाइकमान को भी बेहद धक्का लगा है। राजनीतिक सत्ता के कारण बौराए कुछ लोग किस तरह राक्षस बन कर सफेदपोश होने का नाटक कर महिलाओं की गरिमा व जीवन से खिलवाड़ करते हैं और कानून समाज नैतिकता का तनिक भी ध्यान नहीं रखते ऐसे अपराधी को उच्च स्तरीय जांच कर जल्द से जल्द सींखचों के भीतर कर सख्त सजा देना सुनिश्चित करना चाहिए।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आप में चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पहले से चली आ रही कोई समस्या आज सुलझ सकती है। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्ताता से भरा हो सकता हैं। आज आपका दिन दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा। आपको कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसे पूरा करने के लिए आप खूब मेहनत करेंगे। आपके द्वारा किये गये काम के कारण आज समाज में आपको सम्मान मिल सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुशरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बना रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके रिश्तों में नई चेतना का संचार होगा। स्टूडेंट्स को करियर से संबंधित अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपसे कोई मदद मांग सकता है। आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन शुभ होने वाला है। जो भी नया करना है, आज पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं और कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही धैर्य और विनम्रता रखें। आज अपनी किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत कर सकते हैं, आपको समाधान मिल सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज आपके धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नयी योजना बनाएंगे। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। आज जॉब सम्बन्धी परेशानी खत्म होने के योग हैं। आज आपका काम में मन लगा रहेगा पिता के सहयोग से सफलता मिल सकती है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज कोई भी कार्य करते समय धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज आप कोई भी फैसला शांति से लें। वाणी भी मधुर रखें तो आपके लिए अच्छा है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। धैर्य से काम लेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जायेगा। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है। आज आपके परिवार में मांगलिक कार्य की योजना बन सकती है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें भी याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आज आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आयेगा। किसी मौके पर आपका व्यवहार ही आपके लिए सफलता के मार्ग खोलेगा। कोई दोस्त या परिचित अपने काम से आपको काफी समय तक बिजी रख सकता है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिये किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आज कोई महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आज आपके सोच में सकारात्मक बदलाव आयेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। आज आपको वाहन का सुख भी मिलेगा।

# आईपीएल : सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान को एक रन से हराया

एजेंसी, हैदराबाद



ट्रैविस हेड, नीतीश रेड्डी की शानदार बल्लेबाजी के बाद भुवनेश्वर कुमार की घातक गेंदबाजी की सहायता से सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल लीग मुकाबले में नंबर एक पर चल रही राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में हराकर लक्ष्य का पीछा करते हुए पहली जीत हासिल की है। इस मैच में सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रैविस हेड के 58 रन और नीतीश रेड्डी के 76 रनों की सहायता से तीन विकेट पर 201 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम सात विकेट पर 200 रन ही बना पायी और उसे एक रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भुवनेश्वर ने 41 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं पैट कमिंस और टी. नटराजन को दो-दो विकेट मिले। भुवनेश्वर ने अंतिम गेंद पर रोवमैन पॉवेल को आउट कर मेजबान टीम ने जीत हासिल की। राजस्थान की ओर से जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद यशस्वी जायसवाल ने 67 रन और रियान पराग ने 77 बनाये पर इन दोनो के आउट होने के बाद राजस्थान की टीम ढ़ह गयी। इस जीत के साथ ही सनराइजर्स चौथे स्थान पर पहुंच गयी। उसके भी अब 12 अंक हो गये हैं और वपह कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ बराबरी पर पहुंच गयी है। अंतिम ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 12 रनों की जरूरत थी पर टीम केवल 11 रन ही बना पायी।

# विराट का अनुभव टी20 विश्वकप के लिए अहम रहेगा : अगरकर

एजेंसी, मुंबई




भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है उनका अनुभव बहुमूल्य है और वह टी20 विश्व कप में हमारे लिए बेहद अहम हैं। अगरकर ने कहा कि इसी कारण हम आईपीएल में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर विचार नहीं कर रहे क्योंकि हम जाने हैं कि वह शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं। विराट ने अब तक 10 पारियों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 500 रन बनाए हैं पर उनके 147 से कुछ अधिक का उनका स्ट्राइक रेट को कम बताया जा रहा है। वहीं अन्य बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड का स्ट्राइक रेट 194 से अधिक हैं। इसके अलावा फिल सॉल्ट 180 से अधिक और सुनील नारायण 182 से अधिक हैं। अगरकर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। वह आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है।' विराट का अनुभव बहुमूल्य है पर अगरकर का मानना है कि अगर बड़े स्कोर वाले मैच होते हैं तो बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त पावर हिटर हैं। अगरकर ने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अंतर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अनुभव बहुत अहम होता है। अगरकर का सीधा कहना है कि विश्वकप कप का दबाव अलग होता है। इसलिए वह कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर चिंतित नहीं हैं। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है।

# अब बॉलीवुड में नजर आयेंगे रसेल

एजेंसी, मुंबई





अपनी आक्रमक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वेस्टइंडीज के क्रिकेटर आंद्रे रसेल अब बॉलीवुड में भी कदम रख रहे हैं। रसेल पिछले कई साल से भारत में आईपीएल खेल रहे हैं। रसेल के प्रशंसक भी भारत में काफी हैं, इस कारण भी उन्हें भारत में रहना पसंद है। रसेल का कहना है कि उन्हें भारत में बहुत प्यार मिलता है। अब वह अभिनेत्री अविका गौर के साथ एक गाने में डांस करते दिखेंगे। ये गाना 9 मई को रिलीज होगा। रसेल ने कुछ दिन पहले ही इस गाने की शूटिंग का पहला शॉट देने की एक तस्वीर भी साझा की थी। रसेल शांता स्वभाव के हैं और आईपीएल में केकेआर की ओर से खेल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपना जन्मदिन भी भारत में ही मनाया था। रसेल ने अबतक 30 से ज्यादा टीमों की ओर से लीग क्रिकेट खेला है। इस सत्र में वह आईपीएल में केकेआर की तरफ से खेलते हुए रसेल को प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है वह 9 मैचों में केवल 179 रन ही बना पाये हैं। वहीं उन्होंने 9 विकेट लिए हैं।

# पीसीबी ने आईसीसी से कहा , चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत के मुकाबले एक ही शहर में रखें

एजेंसी, लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले चैंपियन्स ट्रॉफी में भारतीय टीम के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों को एक ही जगह रखना चाहता। इसी कारण पीसीबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा है कि इन मुकाबलों को कराची, रावलपिंडी और लाहौर को में से किसी एक जगह पर रखा जाए। आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था जहां उन्होंने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों के साथ चैंपियन्स ट्रॉफी की तैयारियों पर बात की थी। तब पीसीबी ने उन्हें सलाह दी थी कि सुरक्षा कारणों से भारतीय टीम के यात्रा कार्यक्रम को कम से कम रखा जाए।'' ऐसे में वह क्वालीफाइंग दौर के मैच कराची में चाहता है।

# पांड्या के चयन को अगरकर ने सही बताया, उसका कोई विकल्प नहीं



**एजेंसी, मुंबई** : बीसीसीआई चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर ने आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के चयन को लेकर कहा कि हमारे पास उनका कोई विकल्प नहीं था। अगरकर के अनुसार कोई अन्य खिलाड़ी वो भूमिका नहीं निभा सकता जो पंड्या निभाते हैं। अगरकर के अनुसार हार्दिक के होने से टीम में संतुलन आता हैं, साथ ही वह जिस प्रकार खेलता है वैसे कोई नहीं खेल सकता। साथ ही कहा कि टीम चयन में आईपीएल प्रदर्शन की भूमिका नहीं रही है। उन्होंने ये बात इसलिए कही कि पंड्या आईपीएल में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में विफल रहे हैं। इसी कारण कई लोगों ने हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने पर सवाल उठाये थे। इसके अलावा पंड्या की फिटनेस भी अच्छी नहीं रही है। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। वहीं टी20 विश्वकप में अभी समय है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहा है। गेंदबाजी करने पर वह रोहित को काफी विकल्प और संतुलन दे सकता है। अगरकर ने कहा कि जब तक वह फिट रहता है तो हम जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। वह टीम को कितना संतुलन देता है। मुझे नहीं लगता कि इस समय एक क्रिकेटर के तौर पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प है, खासकर जब बात उसके गेंदबाजी करने के तरीके की हो। उन्होंने कहा कि वास्तव में अपने संतुलन के साथ वह रोहित को अलग-अलग संयोजनों में खेलने का विकल्प देता है, इसलिए हमारे लिए उसकी फिटनेस अहम है और अब तक किस्मत से, वह एक खिलाड़ी के तौर पर ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रहा है।

## व्यापार

# सरकारी शेयर में जारी है तूफानी तेजी, आज पहुंचा 52-वीक हाई पर

एजेंसी, नई दिल्ली



पिछले एक साल से भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (BHEL Share) के शेयरों में तूफानी तेजी जारी है. आज शक्रवार 3 मई को बाजार खुलते ही इस मल्टीबैगर शेयर ने करीब 9 फीसदी की छलांग लगाई और 318.15 रुपये का नया 52-वीक हाई बना डाला. बीएचईएल के शेयर अगर आज भी बढ़त के साथ बंद होते हैं तो यह लगातार तीसरा ऐसा कारोबारी सत्र होगा जिसमें यह शेयर हरे निशान में बंद होगा. कंपनी द्वारा HIMA मिडिल ईस्ट FZE, दुबई के साथ रेलवे सिग्नलिंग व्यवसाय के लिए एक रणनीतिक साझेदारी समझौता करने की जानकारी देने के बाद 30 अप्रैल से ही इस शेयर में तेजी जारी है. आज बीएचईएल का शेयर कल के बंद भाव 292.65 के मुकाबले तेजी के साथ 296.90 रुपये पर खुला. खुलने के बाद सुबह 10:15 बजे इस शेयर ने अपना 52-हफ्ते का नया उच्चतर स्तर छू लिया. समाचार लिखे जाने तक यह मल्टीबैगर शेयर बीएसई पर 6.48 फीसदी की तेजी के साथ 311.60 रुपये पर कारोबार कर रहा था. बीएचईएल भारतीय रेलवे को लोकोमोटिव, ईएमयू/एमईएमयू के लिए इलेक्ट्रिक्स, प्रोपल्शन सिस्टम, ट्रैक्शन मोटर्स, ट्रैक्शन अल्टरनेटर, ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर आदि की आपूर्ति करता रहा है. बीएचईएल के शेयर ने निवेशकों को सालभर में मल्टीबैगर रिटर्न दिया है. एक साल में इस शेयर की कीमत में 258 फीसदी का इजाफा हुआ है. एक महीने में इस शेयर ने 23 फीसदी रिटर्न दिया है. तीन महीने में यह शेयर 33 फीसदी बढ़ा है तो छह महीने में इस स्टॉक की कीमत में 142 फीसदी का उछाल आया है. साल 2024 में अब तक बीएचईएल शेयर 57 फीसदी उछल चुका है. अगर एक साल पहले जिस निवेशक ने बीएचईएल शेयर में एक लाख रुपये लगाए थे, आज उसके पैसे तीन गुना हो चुके हैं. एक साल पहले इस शेयर की कीमत 86.96 रुपये था, जो अब 311 रुपये हो चुका है. इस तरह एक साल पहले लगाए एक लाख अब बढ़कर 357,635 रुपये हो चुके हैं. बीएचईएल में भारत सरकार की हिस्सेदारी 63.2 हिस्सेदारी है. पब्लिक होल्डिंग 12.14 फीसदी है. म्यूचुअल फंडों की 5.07 फीसदी हिस्सेदारी है. बीएचईएल के राजस्व में वित्त वर्ष 2024 में इससे पिछले वित्त् वर्ष के मुकाबले 10.61 फीसदी का उछाल आया और यह बढ़कर 23,853.57 करोड़ हो गया. कंपनी का वार्षिक शुद्ध लाभ 7.03% बढ़कर 477.39 करोड़ हो गया. यह सेक्टर के औसत औसत शुद्ध लाभ वृद्धि 6.32% से अधिक रहा. बीएचईएल का ऋण-इक्विटी अनुपात 0.2 है जो दर्शाता है कि इसकी परिसंपत्तियों का वित्तपोषण मुख्य रूप से इक्विटी के माध्यम से किया जाता है. बीएचईएल शेयर का प्राइस टू अर्निंग रेश्यो -909.33 है.

# तनिष्क की पेशकश 'ग्लैमडेज'; रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की रेंज

एजेंसी, नई दिल्ली



अक्षय तृतीया का पवित्र पर्व नज़दीक आ रहा है। इस अवसर पर भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा, तनिष्क ने प्रस्तुत की है रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की शानदार और बहु उपयोगी रेंज- 'ग्लैमडेज़', जिसे दुनिया भर के डिजाइंस से प्रेरित होकर बनाया गया है। शान और आधुनिक फैशन की खूबसूरती को साथ मिलाकर बनाए गए ग्लैमडेज के आभूषण आपकी रोजाना स्टाइल को और भी बढ़ाएंगे और हर महिला के वार्डरोब में एक बहुमूल्य एडिशन बनेंगे। इसमें 10000 से ज्यादा अनोखे डिजाइंस को शामिल किया गया है। हर दिन एक शानदार नया लुक बनाकर आप और आपके आभूषण #MakeEverydaySparkle कर सकती हैं। वैश्विक स्तर के कई अलग-अलग डिजाइंस से प्रेरित होकर बनाए गए ग्लैमडेज में हर दिन की सुंदरता को रोजाना पहनने के स्टाइलिश फिर भी बहु उपयोगी आभूषणों के साथ परिभाषित किया गया है। हर दिन सुबह से लेकर रात तक आप इन आभूषणों को बहुत ही आसानी से पहन सकती हो। नाजुक खूबसूरती को दर्शाते हुए फ्लोरल पेंडंट, बोल्ड फिर भी रिफाइंड गोल्ड हूप्स, हर दौर में सभी की पसंद इन्फिनिटी रिंग्स या खूबसूरत गोल्ड ब्रेसलेट हो, ग्लैमडेज में सोने और हीरों से बने रोज़ाना पहनने के आभूषणों की आधुनिक रेंज शामिल है। दिन भर के सोफिस्टिकेशन को शाम के ग्लैमर में बहुत ही आसानी से बदलने का जादू इन आभूषणों में है। हर दिन एक नया, खूबसूरत लूक बनाया जा सकें इसके लिए कई अलग-अलग स्टाइल्स को इसमें शामिल किया गया है। अपने उपभोक्ताओं की खुशियों को और भी सुनहरा करने के लिए तनिष्क ने सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20%* तक की छूट दी है। साथ ही तनिष्क में 'गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम' का भी लाभ उठाया जा सकता है, जिसमें भारत के किसी भी ज्वेलर से खरीदे हुए पुराने सोने पर 100%* एक्सचेंज मूल्य दिया जाता है। सोने की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है, अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तनिष्क ने गोल्ड रेट प्रोटेक्शन* प्रस्तुत किया है, जिसमें उपभोक्ता एडवांस में बुक करके, सोने की कीमतों में हो रही वृद्धि से बच सकते हैं। इन ऑफर्स का लाभ सिर्फ सीमित अवधि* तक ही उठाया जा सकता है। इस रेंज का हर एक आभूषण आज की महिलाओं की भागदौड़ से भरी, व्यस्त जीवनशैली के अनुरूप बहुत ही सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है। आभूषणों की इस विशाल रेन्ज को 18 और 22 कैरेट सोने में बनाया गया है।

# सोने और चांदी के भाव में गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली



सोने और चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव शुक्रवार को गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 70,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 58 रुपये की गिरावट के साथ 70,678 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 111 रुपये की गिरावट के साथ 70,625 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 38 रुपये की गिरावट के साथ 81,325 रुपये के भाव पर खुलने के बाद 63 रुपये की गिरावट के साथ 81,300 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,313.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,309.60 डॉलर था। फिलहाल यह 1 डॉलर की तेजी के साथ 2,310.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 26.94 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 26.82 डॉलर था। फिलहाल यह 0.05 डॉलर की तेजी के साथ 26.88 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# रुपया नौ पैसे बढ़कर 83.37 डॉलर पर

एजेंसी, मुंबई


रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में नौ पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.37 पर रहा। घरेलू बाजारों में तेजी और विदेशों में प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, विदेशी पूंजी निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का दबाव भारतीय मुद्रा पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.40 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.36 प्रति डॉलर पर पहुंच गया और इसके बाद 83.37 प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.46 पर बंद हुआ था।

# राकेश सिंह पेटीएम मनी के CEO बने, कंपनी को प्रॉफिट में लाने वाले वरुण श्रीधर की जगह लेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली



वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम मनी ने वरुण श्रीधर की जगह राकेश सिंह को CEO नियुक्त किया है। वरुण श्रीधर 2020 से पेटीएम मनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर थे। इकोनॉमिक्स टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। पिछले महीने ही राकेश सिंह पेटीएम मनी में शामिल हुए हैं। इससे पहले वह पेमेंट कंपनी PayU से जुड़ी फिनटेक कंपनी Fisdom में ब्रोकिंग सर्विसेज के CEO थे। रिपोर्ट के अनुसार, वरुण श्रीधर को ग्रुप के अंदर ही दूसरी जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, कंपनी की ओर से ऑफिशियल तौर पर इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। वरुण श्रीधर की लीडरशपि में पेटीएम मनी ने मुनाफा कमाना शुरू किया। वित्त वर्ष 2023 में पेटीएम मनी को 42.8 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफा हुआ। इसके साथ ही इस दौरान कंपनी को 132.8 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ। मुनाफे में आने के बाद भी पेटीएम मनी को डिस्काउंट ब्रोकिंग इंडस्ट्री में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। इस इंडस्ट्री में जिरोधा, ग्रो, अपस्टॉक्स और एंजेल ब्रोकिंग जैसी कंपनियों हावी हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के अनुसार, पेटीएम मनी के पास लगभग 760,000 एक्टिव ट्रेडिंग क्लाइंट हैं। पेटीएम मनी लिमिटेड सेबी रजिस्टर्ड स्टॉक ब्रोकर और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट है, जो इक्विटी और डेरिवेटिव ट्रेडिंग,डिपॉजिटरी सर्विसेज और IPO में निवेश से संबंधित सर्विस प्रोवाइड करती है। पेटीएम मनी को PFRDA के साथ प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस के रूप में भी रजिस्टर है, जो नेशन पेंशन सिस्टम (NPS) में निवेश की पेशकश करता है। वन97 कम्युनिकेशंस का शेयर आज 0.16% की गिरावट के साथ 371.80 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। पिछले 5 दिन में शेयर 2.36%, एक महीने में 9.52% और 6 महीने में 58.87% गिर चुका है। पिछले एक साल में कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स को 43.85% का निगेटिव रिटर्न दिया है।



# 'हैरी पॉटर' के ड्रेको मैल्फॉय संग काम करेंगे हंसल मेहता, लीड रोल में होंगे प्रतीक गांधी

हंसल मेहता इन दिनों वेब सीरीज 'गांधी' पर काम कर रहे हैं। गुरुवार को इस सीरीज से 'हैरी पॉटर' सीरीज फेम एक्टर टॉम फेल्टन जुड़ गए हैं। हंसल ने अपनी इस सीरीज पर टॉम समेत 8 इंटरनेशनल एक्टर्स लिब्बी मे, मौली राइट, रैल्फ एडेनियि, जेम्स मरे, लिंडन अलेक्जेंडर, जोनो डेविस, साइमन लेनन को भी कास्ट किया है। इस बात की जानकारी उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी।


## रामचंद्र गुहा की किताबों पर बेस्ड है सीरीज

इस सीरीज में 'स्कैम 1992' फेम एक्टर प्रतीक गांधी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रोल में नजर आएंगे। वो इससे पहले गुजराती प्ले मोहन नो मसालो में भी गांधी का किरदार निभा चुके हैं। वहीं इसमें कस्तूरबा गांधी का रोल भामिनी ओजा प्ले करेंगी। यह सीरीज इतिहासकार और लेखक रामचंद्र गुहा की दो किताबों 'गांधी बिफोर इंडिया' और 'गांधी- द ईयर्स दैट चेंज्ड द वर्ल्ड' पर बेस्ड है। इस सीरीज में प्रतीक गांधी लीड रोल में नजर आएंगे।

## साउथ अफीका, यूके और गुजरात में हो रही शूटिंग

इस सीरीज में गांधी के बचपन से लेकर उनके राष्ट्रपिता बनने तक की कहानी को दिखाया जाएगा। मेकर्स इसकी शूटिंग गुजरात, साउथ अफीका और यूके में कर रहे हैं।





# अब मैं उम्र की कैद से आजाद हूं

आज से तकरीबन 25 साल पहले मिस यूनिवर्स का खिताब पाने वाली एक्ट्रेस लारा दत्ता बॉलीवुड के बाद अब ओटीटी पर अपनी दूसरी शानदार पारी का खूब आनंद ले रही हैं। हंड्रेड, कौन बनेगी शिखरवती, चार्ली चोपड़ा, हिकप्स एंड हुकप्स के बाद इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई वेब सीरीज रणनीति- बालकोट एंड बियॉन्ड से। 46 साल की लारा का कहना है कि अब वो उम्र की कैद से आजाद हैं।

**अपने करियर के इस दौर को कैसे देख रही हैं? बॉलीवुड में आप नाच-गाने वाली एक ही तरह की भूमिकाओं में बंध गई थीं, मगर ओटीटी पर अब रणनीति ने आपको हर रंग के दमदार महिला किरदार दिए?**

मुझे लगता है इसके लिए दो चीजें जिम्मेदार हैं, एक तो उम्र ने मुझे आजाद कर दिया। अब मैं उम्र की कैद से आजाद हूं। जैसे -जैसे मेरी उम्र बढ़ती गई, मुझे और आजादी मिली। सिर्फ ग्लैमरस भूमिकाएं करना या सिर्फ एक ही तरह के रोल में दिखना, थैंक गॉड मैं उन सब चीजों से निकल गई। अब फिल्म मेकर्स का मुझे देखने का नजरिया बदल गया है। ये बदलाव ओटीटी के साथ आया है और इसलिए भी आया कि अब फिल्म निर्माण के हर क्षेत्र में औरतों की तादाद बढ़ गई है। अब जब औरतें इन क्षेत्रों में हैं, तो महिलाओं के किरदार भी रियलिस्टिक और मजबूती से लिखे जा रहे हैं।

**आप न केवल मिस यूनिवर्स रहीं, बल्कि फिल्मों में ही नहीं, असल जिंदगी में भी मजबूत महिला हैं। आपको कभी हीनता का सामना करना पड़ा है?**

मैं ये नहीं कहूंगी कि औरत होने के नाते मुझे जानबूझकर हीन समझा जाता है या नीचे दिखाया जाता है। अफसोस की बात ये है कि हमारे समाज में हम लोग औरतों को हीन महसूस कराए जाने के आदी हो गए हैं। अरे हम महिलाएं भी। आप कुछ अरसे बाद अपने फैमिली मेंबर से मिलें, तो शुरू की 4-5 वाक्यों में ये बात जरूर होगी कि तेरा थोड़ा वजन बढ़ गया है या तुम तो इतनी पतली हो गई हो। हमको बुरा लगता है, जब मर्द ऐसा सोचते हैं या कहते हैं, मगर हम औरतें भी तो एक-दूसरे को इसी दृष्टिकोण से देखती हैं। हीरोइनों को ही ऐसा क्यों कहा जाता है, तो आप कह सकती हैं कि इन चीजों से मैं हीनता का शिकार होती हूं या फिर बड़े प्यार से लोगों को सिखा सकती हूं कि बेटा, तुम्हारी जो सोच है न, वो अब आउटडेटेड हो गई है। आओ, मैं तुम्हें जिंदगी का नया पाठ सिखाऊं।

**आपके आगामी वेब सीरीज रणनीति की बात करूं, तो आप बालाकोट एयर स्ट्राइक पर आधारित सीरीज में काम करते हुए आपको अपनी एयरफोर्स बैकग्राउंड का कितना फायदा मिला?**

इस प्रोजेक्ट को चुनने के पीछे ये प्रेरणा थी कि मैं खुद एयरफोर्स बैकग्राउंड से हूं, तो जब ये बालाकोट अटैक हुआ, तो उस वक्त हमें बहुत-सी ऐसी जानकारी मिल रही थी, जो आम लोगों की पहुंच से बाहर थी, वो मीडिया में नहीं आ रही थी। मेरे पिता अपने देश के लिए तीन वॉर लड़ चुके हैं, मेरी बहन कारगिल के दौरान शामिल रहीं, तो मैं समझ सकती हूं कि जब इस तरह की घटनाएं होती हैं, तो परिवार पर क्या गुजरती है, जब हमारे सैनिक जंग के मैदान में होते हैं। मेरे लिए इस कहानी को कहना और इसका हिस्सा बनना बहुत जरूरी था। मैंने जब ये कहानी सुनी, तो पाया कि इस पर गहन रिसर्च हुई है। मैं बहुत प्रभावित हो गई। हमें वही नैरेटिव बताया जाता है, जो मीडिया पर दिखाया जाता है। मैं इसमें मनीषा सहगल का वही किरदार कर रही हूं। मनीषा की खासियत ही यही है कि वो वही नैरेटिव बताती हैं, जो हमने टीवी पर देखा, अखबारों में पढ़ा। हमारे दिमाग में तो वही सच है, जो हमें दिखाया गया, मगर बंद दरवाजों के पीछे क्या हुआ था, हमारे पार्लियामेंट में मिलिट्री एस्टाब्लिशमेंट में जो डिसिजन लिए गए थे, वो सभी को बताना जरूरी था।



# आगामी प्रोजेक्ट में एक्शन करते दिखेंगे सुनील शेट्टी!

90 के दशक से लेकर अब तक सुनील शेट्टी अपनी अदाकारी से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वे वर्तमान एक डांस रियलिटी शो में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस बीच उनके एक आगामी प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सुनील जल्द ही एक एक्शन से भरपूर दमदार प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। हाल ही में मेकर्स ने उनके लुक की पहली झलक फैंस के साथ साझा की है। तस्वीर में सुनील बर्फीले पहाड़ों के बीच ठंड से बचने के लिए सफेद विंटर सूट पहने हुए बैठे नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अनाम प्रोजेक्ट एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अभिनेता ने अपने स्टंट खुद किए हैं। सुनील ने भी अपने इंस्टाग्राम पर खुद का फर्स्ट लुक साझा किया और इसके कैप्शन में लिखा, यह लायंसगेट इंडिया के साथ एक रोमांचक आगामी प्रोजेक्ट से मेरा लुक है। एक्शन के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। इसके अलावा सुनील और भी कई बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। वे हेरा फेरी फ्रेंचाइजी में अक्षय कुमार और परेश रावल के साथ फिर से नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के जल्द ही शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। वे वेलकम टू द जंगल फिल्म में भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं।

# धर्म परिवर्तन पोस्ट पर एक्ट्रेस रागिनी खन्ना ने तोड़ी चुप्पी

सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस रागिनी खन्ना की एक पोस्ट ने काफी सुर्खियां बटौरी थीं। पोस्ट के मुताबिक, रागिनी ने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया है। हालांकि, इसमें कोई सच्चाई नहीं है। दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, रागिनी ने बताया है कि धर्म परिवर्तन करना तो दूर वे इस बारे में सोच भी नहीं सकतीं। एक्ट्रेस ने कहा, मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं। जी हां, पिछले 10-15 सालों से, मैं हर रविवार को चर्च जाती हूं। लेकिन इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं कि मैंने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है। मेरे लिए इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है और वही हमेशा रहेगा। सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के बारे में एक्ट्रेस ने आगे बताया, बतौर एक्टर, हमें ज्यादा सावधान रहना होगा, इस घटना से मुझे यही सीख मिली। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से मैं अपने फैन्स की पोस्ट को री-पोस्ट करती हूं। मेरा मानना है कि मैं आज जो भी हूं अपने फैन्स की बदौलत हूं। अपने सोशल मीडिया पेज पर उनकी पोस्ट को री-पोस्ट करके, मैं आभार व्यक्त करती हूं। लेकिन, सोचा नहीं था कि यह एक मुद्दा बन जाएगा। मेरी पहचान पर सवाल उठ जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा, एक फैन ने फर्जी पोस्ट (जहां मैं ईसाई धर्म अपनाती दिख रही हूं) बनाकर मेरे अकाउंट को टैग किया। फिर उन्होंने मेरे साथ कोलैबोरेशन की रिक्वेस्ट भेजी। मैंने गलती से एक्सेप्ट कर लिया। कुछ देर बाद उन्होंने उस फर्जी पोस्ट को शेयर किया जहां मैं अपने धर्म परिवर्तन की बात कर रही हूं। वो पूरी तरह से फर्जी है। मैंने रिपोर्ट कर दी है। वैसे, मेरे लाखों प्रशंसक हैं, उनमें से अगर एक व्यक्ति ऐसा मूर्खतापूर्ण काम करता है, तो मैं अपने पूरे फैन क्लब को दोष नहीं दे सकती। मेरे प्रशंसक मेरे प्रति बहुत लॉयल रहे हैं और मैं भी उनका बहुत सम्मान करती हूं।

## शादी पर फोकस कर रही हूं

बातों-ही-बातों में, एक्ट्रेस ने बताया कि वे इन दिनों सिर्फ और सिर्फ अपनी शादी पर फोकस कर रही हैं। वे अपने लिए एक सही पार्टनर की तलाश में है। रागिनी भास्कर भारती, ससुराल गेंदा फूल, देख इंडिया देख, कॉमेडी नाइट्स लाइव जैसे शोज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वे अपनी कजिन आरती सिंह की शादी को एन्जॉय करती नजर आई थी।





# हीरामंडी में ऋचा चड्ढा को ऑफर हुए थे दो किरदार, ज्यादा स्क्रीन टाइम वाला रोल ठुकराकर चुना छोटा किरदार

**संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में ऋचा चड्ढा ने लज्जो का किरदार निभाया है। सीरीज में उनका स्क्रीन टाइम कम लेकिन दमदार रहा। दर्शकों ने उनके द्वारा निभाए किरदार को काफी पसंद किया।**

दरअसल, ऋचा को इस सीरीज में दो किरदार ऑफर किए गए थे। एक इंटरव्यू में ऋचा ने इस किरदार को चुनने के पीछे की वजह बताई है। उन्होंने कहा- जब मुझसे हीरामंडी के लिए बात की गई थी, उस समय संजय सर शो रनर थे, पहले मुझे एक दूसरे किरदार के लिए ऑफर किया गया था। इस किरदार का स्क्रीन टाइम काफी ज्यादा था। लेकिन क्योंकि एक एक्टर ये देखता है कि इसमें मेरे लिए नया क्या है, यही वजह है कि मैंने लज्जो को चुना। क्योंकि मैंने ज्यादातर भोली पंजाबन' या 'मैडम चीफ मिनिस्टर में तारा' जैसे किरदार निभाए हैं। मैं अपने इस काम से वो स्टीरियोटाइप सोच बदलना चाहती थी, साथ ही दर्शकों को चौंकाना भी चाहती थी। उन्होंने कहा- जैसा मैंने सोचा था, सबकुछ वैसा ही हो रहा है। इसलिए जब भंसाली सर ने मुझसे कहा आओ और इस किरदार को देखो, तो मैंने तुरंत लज्जो का किरदार चुना। मुझे यकीन था कि इसका फायदा मिलेगा और हुआ भी, 24 घंटों के अंदर ही मुझे लोगों का बहुत प्यार मिला। दर्शकों के अलावा फिल्म इंडस्ट्री के लोगों ने भी मेरे काम की तारीफ की। संजय लीला भंसाली की इस सीरीज में ऋचा चड्ढा के साथ मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, फरदीन खान, फरीदा जलाल जैसे कई बड़े कलाकार अहम किरदार में नजर आए हैं।

# देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 पीएम मोदी बोलेः ममता सरकार में हिंदू दोयम दर्जे का,एक टीएमसी नेता कह रहे, हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे,यह कौन सी भाषा
2 मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं और न ही मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं,मैं केवल आपकी सेवा का संकल्प लेकर,महान भारत माता के 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं,मोदी विकसित भारत बनाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए है
3 अब न ओपिनयन पोल की जरूरत और न एग्जिट पोल की,पीएम मोदी ने बता दिया कांग्रेस का रिजल्ट,पीएम मोदी ने कहा पहले से कांग्रेस की सीटें कम आ रही है
4 पीएम मोदी बोलेः शहजादे को वायनाड से हार का डर,कहाःअमेठी से भागकर रायबरेली पहुंचे,मैं इन्हें कहूंगाःडरो मत,भागो मत
5 राहुल गांधी रायबरेली से लड़ेंगे चुनाव,कांग्रेस ने अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को उतारा;प्रियंका नहीं लड़ेंगी चुनाव
6 राहुल ने रायबरेली से दाखिल किया नामांकन,मां सोनिया और बहन प्रियंका साथ रहीं मौजूद
7 प्रियंका तो कोई भी उपचुनाव लड़कर सदन पहुंच जाएंगी, अमेठी-रायबरेली पर जयराम रमेश बोलेः शतरंज की कुछ चालें बाकी हैं
8 किसी को संचालन भी तो करना है,अमेठी-रायबरेली से चुनाव न लड़ने पर प्रियंका गांधी की आई पहली प्रतिक्रिया
9 अमेठी में प्रियंका ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश,कहाःभाजपा धन बल से लड़ती है,हम जनता के बल पर लड़ेंगे
10 राहुल बाबा की लॉन्चिंग सफल नहीं होती,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कांग्रेस पर बड़ा हमला
11 कहते थे,डरो मत, अब डरकर वायनाड से रायबरेली जा रहे हैं, राहुल गांधी की उम्मीदवारी पर अनुराग ठाकुर का वार
12 सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी एक्ट के तहत नोटिस-गिरफ्तारियों का डेटा मांगा,कहाःलोगों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे, उन्हें धमकी देकर परेशान किया जाता है
13 अमित शाह फेक वीडियो केस-जवाब देने एक भी नहीं आया, दिल्ली पुलिस ने 4 राज्यों के 22 लोगों को बुलाया था;तेलंगाना सीएम को दोबारा भेजेंगे नोटिस
14 गुजरात-रूपाला की वजह से आणंद में फंसी बीजेपी,क्षत्रियों की नाराजगी में हाथ से जा सकती है सीट,मोदी से उम्मीद
15 पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका,गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका खारिज
16 महाराष्ट्र में चुनावी यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश, बाल-बाल बचीं उद्धव ठाकरे की कद्दावर नेता सुषमा अंधारे
17 मजबूत शुरुआत के बाद बाजार में बड़ी गिरावट;सेंसेक्स 800 अंक टूटा,निफ्टी 22500 के नीचे पहुंचा
18 भारत से टेस्ट में छिना नंबर-1 का ताज, ओडीआई और टी20एल टीम रैंकिंग में एकतरफा दबदबा बरकरार
19 मोदी की बंगाल में 3 रैलियां,दो दिन गुजरात में रहे,आणंद में कहाःशहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला हो रहा
20 भाजपा ने रायबरेली लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया है,2019 के चुनाव में सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले दिनेश प्रताप सिंह को पार्टी ने फिर से उम्मीदवार बनाया है
21 खड़गे का मोदी को लेटर,मेनिफेस्टो पर डिबेट की चुनौती,कांग्रेस अध्यक्ष बोलेःलोग आपको सांप्रदायिक भाषण देने वाले पीएम के रूप में याद करेंगे
22 सर्वे की आड़ में मतदाताओं की डिटेल मांगना बंद करें,उन्हें लालच न दें;सभी पार्टियों को चुनाव आयोग ने चेताया
23 लोकसभा चुनाव-2024ःमध्य प्रदेश प्रियंका गांधी बोलींःबेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा,महंगाई इतनी की बच्चों को पढ़ाना-लिखाना मुश्किल
24 4 जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा शुरू करेंगे राहुल गांधी,बरेली में गृह मंत्री अमित शाह ने दिया बयान
25 रायबरेली से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा;अमेठी से केएल शर्मा को उम्मीदवार बना सकती है कांग्रेस
26 सिंधिया बोलेः कांग्रेस में दीमक लग गई,बैंकरप्ट हो चुकी, कहाःजिस दिन मेरा बेटा राजनीति में आना चाहेगा,मैं अलविदा कह दूंगा
27 कोवीशील्ड पर सवालों के बीच भारत बायोटेक बोलाः कोवैक्सिन सुरक्षित,ये अकेली वैक्सीन जिसका ट्रायल भारत में हुआ,लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है
28 यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण के बदले बेटा भाजपा कैंडिडेट,पहलवान साक्षी मलिक बोलींःबेटा डमी,सत्ता बृजभूषण के पास
29 डिग नहीं पाया बृजभूषण शरण सिंह का दबदबा,बेटे करण को टिकट देने के लिए क्यों मजबूर हुई भाजपा
30 बाल विवाह हुए तो पंच-सरपंच होंगे जिम्मेदार,राजस्थान हाईकोर्ट का भजनलाल सरकार को आदेश
31 कैलिफोर्निया गोलीबारी में मारा गया गैंगस्टर गोल्डी बरार नहींःअमेरिकी पुलिस
32 पीएम मोदी मास रेपिस्ट के लिए वोट मांग रहे,उन्हें महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए,रेवन्ना मामले पर राहुल गांधी
33 शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पाकिस्तान,पीएम मोदी का राहुल गांधी पर निशाना
34 पीएम मोदी कोलकाता पहुंचे,पश्चिम बंगाल में तीन रैलियों को किए संबोधित
35 राजनाथ सिंह का विपक्ष पर निशाना,बोलेःकांग्रेस एक दशक में खत्म हो जाएगी
36 कोविशील्ड पर बवाल के बीच Covaxin ने जारी किया बड़ा बयान, कहाःहमारी वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है
37 विदेशी प्रवासियों से डर ने रोक रखी है भारत और चीन की आर्थिक ग्रोथःजो बाइडेन
38 प्रियंका गांधी आगरा दौरे पर,1.5 किलोमीटर लंबा रोड शो की
39 अबू धाबी में भारी बारिश के बाद डूब गए कई शहर,दुबई हवाई अड्डों ने जारी की एडवाइजरी
40 कर्नाटक के मंत्री बोलेःभगवान कृष्ण का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते थे प्रज्वल रेवन्ना,शुरू हो गया बड़ा विवाद

# चेन्नई में गेम चेंजर की शूटिंग कर रहे हैं राम चरण

स्टार राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग के लिए इन दिनों चेन्नई में हैं। एक करीबी सूत्र ने कहा कि एक्टर शूटिंग के लिए दो दिनों तक चेन्नई में रहेंगे। राम चरण को बुधवार को खाकी पैंट के साथ कैजुअल सफेद शर्ट पहने हवाई अड्डे में प्रवेश करते देखा गया। उन्होंने बेसबॉल कैप, धूप का चश्मा और स्नीकर्स के साथ अपना लुक पूरा किया। गेम चेंजर एक तेलुगु पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर है जिसमें राम चरण ने ट्रिपल भूमिका निभाई है। फिल्म में कियारा आडवाणी, अंजलि, एस जे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर शामिल हैं। एस शंकर द्वारा निर्देशित फिल्म की कहानी कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखी गई है। यह पहली बार नहीं है जब राम और कियारा स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। दोनों ने इससे पहले बोयापति श्रीनु की फिल्म विनय विद्या राम में अभिनय किया था, जो 2019 में रिलीज हुई थी।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। *संपादक - अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेबार।